website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

# दैनिक रॉयल पत्रिका

वर्ष : 14 | अंक : 118 | पेज: 8 | जयपुर, बुधवार, 08 अप्रैल 2026 | मूल्य: 1.50 रुपये

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान तनाव से तेल महंगा, 3% से ज्यादा उछाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में मंगलवार को तेज उछाल देखने को मिला, जहां भू-राजनीतिक तनाव के चलते बाजार में अनिश्चितता बढ़ गई है। खासकर होरमुज़ जलडमरूमध्य को लेकर बढ़े तनाव और डोनाल्ड ट्रंप के सख्त बयान के बाद तेल की कीमतों में 3 प्रतिशत से अधिक की तेजी दर्ज की गई। ब्रेंट क्रूड




फ्यूचर्स करीब 1.86 डॉलर बढ़कर 111.63 डॉलर प्रति बैरल के इंट्राडे हाई पर पहुंच गया, जबकि वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (WTI) क्रूड 4.15 डॉलर की बढ़त के साथ 116.56 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया। संघर्ष शुरू होने के बाद से ब्रेंट क्रूड में 60 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी आ चुकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ने के चलते बाजार में आपूर्ति को लेकर चिंता गहराई है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तय समय-सीमा तक जलडमरूमध्य नहीं खोला गया, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, ईरान ने कथित तौर पर युद्धविराम प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। गौरतलब है कि होरमुज़ जलडमरूमध्य वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा संभालता है, और 28 फरवरी से जारी तनाव के कारण यह बाधित बना हुआ है। इसी वजह से इस साल अब तक तेल की कीमतों में करीब 90 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो चुकी है। तेल की कीमतों में उछाल का असर शेयर बाजारों पर भी दिखा। भारत में सेंसेक्स और निफ्टी में करीब 1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जबकि वॉल स्ट्रीट हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ और एशियाई बाजारों में मिला-जुला रुख देखने को मिला।

### प्रवासी मजदूरों के लिए 5 किलो गैस सिलेंडर की आपूर्ति दोगुनी

नई दिल्ली । केंद्र सरकार ने प्रवासी मजदूरों को बड़ी राहत देते हुए 5 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर की दैनिक आपूर्ति दोगुनी करने का फैसला किया है। ये छोटे सिलेंडर फ्री ट्रेड एलपीजी (FTL) श्रेणी के तहत उपलब्ध कराए जाते हैं, जो खासतौर पर



मजदूर वर्ग के लिए उपयोगी होते हैं। सरकार के इस कदम से अब राज्यों को पहले की तुलना में अधिक संख्या में सिलेंडर मिलेंगे, जिससे प्रवासी मजदूरों को गैस की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। सरकार ने पहले तय 20 प्रतिशत की सीमा को भी बढ़ा दिया है, ताकि जरूरत के अनुसार अधिक सिलेंडर उपलब्ध कराए जा सकें। ये अतिरिक्त सिलेंडर राज्य सरकारों और उनके फूड एंड सिविल सप्लाई विभागों के माध्यम से तेल कंपनियों की मदद से मजदूरों तक पहुंचाए जाएंगे। इसके साथ ही सरकार ने साफ किया है कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। लोगों से अपील की गई है कि वे घबराकर ज्यादा खरीदारी न करें और केवल आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें। उपभोक्ताओं को ऑनलाइन गैस बुकिंग करने की सलाह दी गई है, जिससे भीड़ कम होगी और वितरण व्यवस्था बेहतर बनेगी। सरकार ने अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों जैसे जरूरी क्षेत्रों के लिए घरेलू एलपीजी और पाइप्ड नेचुरल गैस (PNG) को प्राथमिकता दी है। मांग को संतुलित रखने के लिए रिफाइनरी उत्पादन बढ़ाया गया है और गैस बुकिंग के बीच का समय भी बढ़ाया गया है। हालिया आंकड़ों के अनुसार, करीब 51 लाख घरेलू गैस सिलेंडर वितरित किए जा चुके हैं।

### राजस्थान में मौसम का कहर, कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट



जयपुर। राजस्थान में सक्रिय वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से मौसम ने अचानक करवट ले ली है। जयपुर मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य के कई जिलों में तेज हवाएं, बारिश और ओलावृष्टि को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राजधानी जयपुर सहित जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, नागौर, पाली और श्रीगंगानगर में 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और गरज-चमक के साथ बारिश का अनुमान है। वहीं हनुमानगढ़, बाड़मेर, चूरू, अजमेर, अलवर, भरतपुर, कोटा और सवाई माधोपुर समेत कई जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। इन इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश और 20-30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं, साथ ही कहीं-कहीं ओलावृष्टि की संभावना भी है। खराब मौसम का असर खेती पर भी देखने को मिल रहा है। जैसलमेर के मोहनगढ़, लाठी और रामदेवरा क्षेत्रों में जीरा और इसबगोल की फसलें बेमौसम बारिश और तेज हवाओं से प्रभावित हुई हैं। वहीं नागौर और आसपास के इलाकों में लगातार बारिश के चलते मंडियां बंद करनी पड़ी हैं। राज्य के कई हिस्सों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे मौसम में ठंडक बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार, कुछ क्षेत्रों में 20 से 50 मिमी तक बारिश हो सकती है। यह मौसम प्रणाली बुधवार तक सक्रिय रहने की संभावना है, जबकि 9 अप्रैल से मौसम में सुधार होने के संकेत हैं।

## "बंगाल पर नजर उठाई तो अंजाम बुरा होगा" : राजनाथ सिंह की पाकिस्तान को सख्त चेतावनी

नई दिल्ली । भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए 1971 के युद्ध की याद दिलाई है। यह बयान पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की हालिया धमकी के जवाब में आया है, जिसमें उन्होंने कोलकाता तक हमला करने की बात कही थी। राजनाथ सिंह ने पश्चिम बंगाल में एक जनसभा के दौरान कहा कि पाकिस्तान को 1971 की घटना नहीं भूलनी चाहिए, जब उसने बंगाल की ओर आंख उठाने की कोशिश की थी और उसका परिणाम देश के दो टुकड़ों में बंटने के रूप में सामने आया था। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इस बार ऐसी कोई गलती की गई, तो अंजाम और भी गंभीर हो सकता है।



**1971 की याद दिलाकर दी कड़ी चेतावनी**

रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान के नेताओं को भड़काऊ बयान देने से बचना चाहिए, क्योंकि इसका खामियाजा वे पहले भी भुगत चुके हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि "अगर इस बार बंगाल की तरफ नजर उठी, तो क्या होगा, यह ऊपरवाला ही जानता है।" गौरतलब है कि 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध 1971 के बाद पाकिस्तान का विभाजन हुआ था और बांग्लादेश का गठन हुआ था। इससे पहले ख्वाजा आसिफ ने सियालकोट में बयान देते हुए कहा था कि यदि भारत किसी तरह की कार्रवाई करता है, तो पाकिस्तान कोलकाता तक जवाब देगा। उनके इस बयान के बाद भारत की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है। राजनाथ सिंह के इस बयान को भारत की स्पष्ट चेतावनी के तौर पर देखा जा रहा है, जिसमें यह संकेत दिया गया है कि देश अपनी सुरक्षा और संप्रभुता को लेकर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगा।

## आबकारी नीति केस: सिसोदिया भी पहुंचे हाई कोर्ट, सुनवाई 13 अप्रैल को

नई दिल्ली। दिल्ली आबकारी नीति मामले में कानूनी हलचल तेज हो गई है। अरविंद केजरीवाल के बाद अब पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने भी दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया है।



सिसोदिया ने याचिका दायर कर जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा को मामले की सुनवाई से अलग करने की मांग की है। इस मामले की अगली सुनवाई 13 अप्रैल को होगी। इससे पहले 6 अप्रैल को केजरीवाल खुद कोर्ट में पेश हुए थे और उन्होंने भी जज से इस केस की सुनवाई से अलग होने का अनुरोध किया था। अदालत ने केजरीवाल, सिसोदिया समेत अन्य आरोपियों को सीबीआई की याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए 10 अप्रैल तक का अंतिम मौका दिया है।

**सीबीआई का कड़ा रुख, कोर्ट में तीखी बहस**

मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए। उन्होंने कोर्ट में सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि अदालत कोई "नौटंकी का मंच" नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि यदि केजरीवाल स्वयं दलील देना चाहते हैं, तो उन्हें अपने वकील को हटाना चाहिए। मेहता ने यह भी कहा कि कुछ लोग बिना आधार के आरोप लगाते हैं, जो न्यायिक संस्थाओं के खिलाफ है। उन्होंने अदालत को बताया कि आरोपमुक्त किए गए कई लोगों ने सुनियोजित तरीके से जज को हटाने की मांग की है। अब 13 अप्रैल की सुनवाई पर सबकी नजरें टिकी हैं, जहां अहम फैसला आने की संभावना है।

## असम चुनाव से पहले सियासी संग्राम, खरगे का सरमा पर तीखा हमला

नई दिल्ली । असम विधानसभा चुनाव से पहले सियासत गरमा गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर जमकर निशाना साधा। खरगे ने दावा किया कि इस बार विपक्षी गठबंधन 126 सीटों वाली विधानसभा में कम से कम 73 सीटें जीतकर सरकार बनाएगा। खरगे ने सरमा को "सबसे घमंडी और भ्रष्टाचारी मुख्यमंत्री" बताते हुए आरोप लगाया कि उनके नेतृत्व में राज्य में भ्रष्टाचार बढ़ा है। उन्होंने कहा कि असम में "सिंडिकेट राज" चल रहा है, जहां जमीन उनके करीबी लोगों और कॉरपोरेट्स को सौंपी जा रही है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत से भी इन आरोपों पर जवाब देने की मांग की।

**मोदी-शाह पर भी सवाल, बीजेपी का पलटवार**

खरगे ने नरेंद्र मोदी और अमित शाह पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा एक तरफ भ्रष्टाचार के खिलाफ होने का दावा करती है, जबकि असम में कथित भ्रष्टाचार पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। उन्होंने कांग्रेस नेताओं गौरव गोगोई और पूर्व मुख्यमंत्री तरुण




गोगोई का जिक्र करते हुए कहा कि उनका रिकॉर्ड साफ रहा है। खरगे ने गायक जुबिन गर्ग से जुड़े मामले में न्याय में देरी का मुद्दा भी उठाया और वादा किया कि कांग्रेस की सरकार बनने पर 100 दिनों के भीतर न्याय सुनिश्चित किया जाएगा। वहीं, भाजपा ने खरगे के बयान पर कड़ा विरोध जताया। पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने उनके बयान को "अशोभनीय और आपत्तिजनक" बताते हुए माफी की मांग की। उन्होंने कहा कि गुजरात जैसी महान भूमि को "अनपढ़" कहना दुर्भाग्यपूर्ण है और यहां से महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल, विक्रम साराभाई और मोरारजी देसाई जैसे महान व्यक्तित्व निकले हैं।

## मोदी सरकार ने असम की संस्कृति को दिलाई वैश्विक पहचान : अमित शाह

नई दिल्ली । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम के हैलाकांडी जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने असम की सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक मंच तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। शाह के अनुसार, राज्य की पारंपरिक 'गमोचा' को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है, जो असम की सांस्कृतिक विरासत के लिए गर्व की बात है। शाह ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी का नाम लिए बिना आरोप लगाया कि कुछ नेताओं ने गणतंत्र दिवस जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर 'गमोचा' पहनने से इनकार किया था। उन्होंने यह भी बताया कि मोदी सरकार ने अहोम सेनापति लचित बोरफुकन



की स्मृति में नई दिल्ली में भव्य प्रतिमा स्थापित कर उनकी वीरता को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई। चाय बागान श्रमिकों के लिए सरकार के प्रयासों का जिक्र करते हुए शाह ने बताया कि 707 चाय बागानों में लगभग 3.5 लाख परिवारों को भूमि स्वामित्व के पट्टे दिए गए हैं। पहले चरण में 20 जिलों के 106 बागानों में यह प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जिससे श्रमिकों को सशक्त बनाने में मदद मिली है। उन्होंने शिक्षा सुधारों के तहत 402 मदरसों को प्राथमिक विद्यालयों में बदलने की जानकारी दी और यूनिफॉर्म सिविल कोड (UCC) का समर्थन करते हुए इसे सामाजिक समानता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। शाह ने किसानों के लिए वित्तीय सहायता 6,000 रुपए से बढ़ाकर 11,000 रुपए करने, 10,000 किसानों को ट्रैक्टर पर सब्सिडी देने और फसलों की एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित करने का वादा भी किया। इसके अलावा, उन्होंने गरीब बच्चों को किंडरगार्टन से लेकर स्नातकोत्तर तक मुफ्त शिक्षा, सस्ती दरों पर राशन और महिलाओं को 3,000 रुपए मासिक सहायता देने का भरोसा दिया। शाह ने कांग्रेस पर अवैध घुसपैठ को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ही राज्य की सुरक्षा और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत रख सकती है।

## दिल्ली की अवैध कॉलोनियों में रहने वाले 45 लाख लोगों के लिए राहत भरी खबर, CM रेखा गुप्ता ने किया ऐलान

नई दिल्ली । दिल्ली में 45 लाख लोगों के लिए राहत भरी खबर आई है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक प्रेस वार्ता में जानकारी दी कि अनधिकृत कॉलोनियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रेस वार्ता के बाद सोशल मीडिया साइट एक्स पर रेखा गुप्ता ने एक पोस्ट में कहा कि आज का दिन दिल्ली के लाखों लोगों के लिए राहत, सम्मान और अधिकार का नया अध्याय लेकर आया है। उन्होंने बताया कि वर्षों से अनदेखी की जा रही समस्या को अब समाधान मिला है और लाखों परिवारों को अपने ही घर में अधिकार मिलने का रास्ता साफ हुआ है। सीएम ने इस पहल का श्रेय पीएम नरेंद्र मोदी को देते हुए कहा कि इसी विजन के तहत पीएम उदय योजना को आगे बढ़ाया गया, जिसके परिणामस्वरूप 1731 में से 1511 अनधिकृत कॉलोनियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया शुरू




हो गई है। उन्होंने जानकारी दी कि 24 अप्रैल से आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। तय समयसीमा के तहत 7 दिन में GIS सर्वे, 15 दिन में आवेदन में कमियों को दूर करने की प्रक्रिया और 45 दिन के भीतर कन्वेयंस डीड जारी की जाएगी, ताकि लोगों को बिना देरी उनका हक मिल सके।

**छोटे व्यापारियों को राहत मिलेगी**

सीएम रेखा गुप्ता के मुताबिक, केंद्र और दिल्ली सरकार ने मिलकर इस प्रक्रिया में आने वाली 22 बड़ी बाधाओं को खत्म किया है। साथ ही 20 वर्गमीटर तक की छोटी दुकानों को भी शर्तों के साथ नियमित करने का प्रावधान किया गया है, जिससे छोटे व्यापारियों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली के भविष्य को ध्यान में रखते हुए ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (TOD) नीति को भी आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके तहत मेट्रो और आरआरटीएस कॉरिडोर के आसपास 500 मीटर के दायरे में करीब 207 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में योजनाबद्ध, हाई-डेंसिटी और मिक्स्ड यूज डेवलपमेंट को बढ़ावा मिलेगा। सीएम ने कहा कि इससे सस्ती आवास व्यवस्था, बेहतर कनेक्टिविटी और आसान जीवन का रास्ता खुलेगा, खासकर गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए यह बड़ी राहत साबित होगा। उन्होंने इस पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर का दिल्ली की जनता की ओर से आभार जताया।

## ग्रेटर नोएडा में 'मेट्रो विश्वविद्यालय' को मंजूरी, शिक्षामित्रों को भी राहत

नई दिल्ली । योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बड़ा फैसला लिया गया। ग्रेटर नोएडा में निजी क्षेत्र के तहत 'मेट्रो विश्वविद्यालय' की स्थापना को मंजूरी दे दी गई है। यह विश्वविद्यालय 26.1 एकड़ भूमि पर स्थापित होगा, जिसे सनहिल हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित किया जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के अनुसार, यह फैसला उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 के तहत लिया गया है। सरकार का मानना है कि इससे प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण और रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे। इसके साथ ही कैबिनेट ने शिक्षामित्रों के लिए भी बड़ी राहत दी है। उनका मानदेय 10,000 रुपये से बढ़ाकर 18,000 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है, जिससे लाखों शिक्षा कर्मियों को सीधा लाभ मिलेगा।

## ऑस्ट्रेलिया में गूंजेगा सनातन संदेश, संसद में बोलेंगे धीरेंद्र शास्त्री

जयपुर। धीरेंद्र शास्त्री 8 अप्रैल से ऑस्ट्रेलिया के आठ दिवसीय दौरे पर रवाना हो रहे हैं। 8 से 15 अप्रैल तक चलने वाले इस दौरे में वे विभिन्न शहरों में धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस बार उनका दौरा खास इसलिए माना जा रहा है क्योंकि वे अंतरराष्ट्रीय मंचों से सनातन धर्म का संदेश देंगे। इस यात्रा का सबसे अहम पड़ाव ऑस्ट्रेलियाई संसद में उनका संबोधन होगा, जहां वे करीब दो घंटे तक "अहिंसा परमो धर्मः" का महत्व समझाएंगे। आयोजकों के अनुसार, यह पहला अवसर होगा जब वे इस तरह ऑस्ट्रेलिया की संसद में अपने विचार रखेंगे।

**सिडनी में भव्य आयोजन, क्रूज और ओपेरा हाउस में कथा**

सिडनी में तीन दिन का विशेष कार्यक्रम तय किया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोगों के साथ स्थानीय नागरिक भी शामिल होंगे। खास बात यह है कि सिडनी ओपेरा हाउस में किसी भारतीय आध्यात्मिक गुरु का यह पहला कार्यक्रम बताया जा



रहा है। इसके अलावा एक क्रूज पर भी कथा का आयोजन होगा, जहां श्रद्धालुओं को संबोधित किया जाएगा और मीडिया से बातचीत भी होगी। इन सभी कार्यक्रमों का आयोजन प्रवीण शर्मा द्वारा किया जा रहा है, जो मूल रूप से जयपुर के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि इस आयोजन को लेकर भारतीय समुदाय के साथ-साथ विदेशी नागरिकों में भी उत्साह है। इस धार्मिक यात्रा में राजस्थान के 21 लोगों सहित भारत से 100 से अधिक लोग शामिल होंगे। आयोजकों के अनुसार, धीरेंद्र शास्त्री का यह तीसरा ऑस्ट्रेलिया दौरा है, जिसमें वे संसद और अंतरराष्ट्रीय मंचों से शांति और अहिंसा का संदेश दुनिया तक पहुंचाएंगे।

## एयर इंडिया की उड़ानें महंगी, 8 अप्रैल से बढ़ेगा किराया

नई दिल्ली । पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और एविएशन टर्बाइन फ्यूल (ATF) की कीमतों में उछाल का असर अब हवाई यात्रियों पर पड़ने लगा है। देश की प्रमुख एयरलाइन एयर इंडिया ने बढ़ती लागत को देखते हुए फ्यूल सरचार्ज में बढ़ोतरी का फैसला लिया है, जिससे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के किराए महंगे हो जाएंगे। एयर इंडिया समूह ने घोषणा की है कि नई दरें 8 अप्रैल से लागू होंगी। इस बदलाव के बाद घरेलू उड़ानों के टिकट 299 रुपये से लेकर 899 रुपये तक महंगे




हो सकते हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के किराए में 2,200 रुपये से लेकर 26,000 रुपये तक की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। कंपनी ने बताया कि यह फैसला बढ़ती ईंधन लागत के दबाव को संतुलित करने के लिए लिया गया है। सरकार द्वारा एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतों में अधिकतम 25 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की सीमा तय किए जाने के बाद एयर इंडिया ने भी इसी संतुलित नीति को अपनाया है। इसके तहत अब घरेलू उड़ानों पर एक समान फ्यूल सरचार्ज हटाकर दूरी के आधार पर नई ग्रिड प्रणाली लागू की जा रही है। यह नियम एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानों पर भी लागू होगा। एयरलाइन के मुताबिक, जेट फ्यूल की कीमतें लगभग दोगुनी हो चुकी हैं। जहां फरवरी के अंत में यह करीब 99.40 डॉलर प्रति बैरल थी, वहीं अब बढ़कर 195.19 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई है। इससे उड़ानों के संचालन की लागत में भारी इजाफा हुआ है। गौरतलब है कि इससे पहले इंडिगो भी फ्यूल सरचार्ज बढ़ा चुकी है। फ्यूल सरचार्ज वह अतिरिक्त शुल्क होता है, जिसे एयरलाइंस टिकट कीमत में जोड़ती हैं, ताकि ईंधन की बढ़ती लागत का बोझ कम किया जा सके।

रॉयल पत्रिका

# संपादकीय....

## संबंध सुधारने को तैयार बांग्लादेश

विश्व राजनीति के भौगोलिक पक्ष को देखा जाए तो ज्ञात होता है कि पड़ोसी देशों से संबंधों में लगातार मधुरता और समन्वय बनाए रखना मुश्किल होता है, वह चाहे अमेरिकी महाद्वीप में अमेरिका और उसके पड़ोसी देशों के बीच हो या फिर दक्षिण एशिया में भारत और उसके पड़ोसियों के बीच। मुश्किल तब आती है, जब तनाव ऐसे पड़ोसियों के साथ हो, जिनकी साझा संस्कृति, इतिहास, बोली-बानी और अन्य समानताएं होती हैं।

पिछले दस वर्षों में नेपाल, श्रीलंका, मालदीव या फिर बांग्लादेश के साथ संबंध लगातार भारत की 'पड़ोसी प्रथम' की नीति की परीक्षा लेते रहे हैं। कई अवसरों पर ऐसा लगा कि किसी तीसरे देश ने खटास-तनाव का फायदा उठा लिया। भारत की विदेश नीति पड़ोसियों के साथ व्यापार करने और आर्थिक संबंधों की तरह ही आत्मीय संबंधों को बराबर महत्व देने की रही है। इससे पड़ोसी देशों से तनाव कम करने में मदद मिली है। इन दिनों भारत-बांग्लादेश संबंधों में भी तनाव की कमी आती दिख रही है।

ज्ञात हो कि अगस्त 2024 में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार गिरने और उनके भारत में शरण लेने के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली वहां की अंतरिम सरकार ने भारत के साथ संबंध बिगाड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बांग्लादेश में भड़का छात्र आंदोलन अवामी लीग नेता और प्रधानमंत्री शेख हसीना के शासन के खिलाफ था। इस हिंसक आंदोलन के चलते उनका भारत आना एक संयोग मात्र था, लेकिन यूनुस सरकार ने भारत पर जिस तरह तंज कसे, उसे चिढ़ाने का काम किया और शेख हसीना के प्रत्यर्पण को अपनी भारत नीति का मुख्य केंद्र बना दिया, उससे संबंध बिगड़े। अपने लगभग डेढ़ साल के कार्यकाल में यूनुस ने बांग्लादेश और भारत के संबंधों को न केवल द्वेष से भरा, बल्कि बांग्लादेश की आजादी और बांग्लादेशी जनता पर अत्याचार करने वाले पाकिस्तान को मित्र देशों में गिना, लेकिन चुनाव होते ही समय ने करवट ली और भारत-बांग्लादेश संबंधों में फिर एक नई ऊर्जा का प्रवाह देखा जा सकता है। इसमें बड़ा कारण है बांग्लादेश में प्रधानमंत्री तारिक रहमान की भारत प्रथम की नीति।

बांग्लादेश में फरवरी में हुए चुनावों में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की भारी जीत ने भारत में मिश्रित भाव पैदा किए, क्योंकि बीएनपी ऐतिहासिक तौर पर भारत के खिलाफ मुखर रहने वाला दल रहा है। इसका कारण भारत का शेख हसीना के प्रति लगाव माना जाता था, पर अवामी लीग की अनुपस्थिति में यह पहली बार है कि बीएनपी का नया नेतृत्व भारत के साथ मधुर संबंधों की वकालत कर रहा है।

# डिजिटल युग में भरोसेमंद है अखबार



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

बीते दिनों एक समाचार पत्र द्वारा आयोजित एक किताब के विमोचन समारोह अवसर पर 'डिजिटल सुनामी के बीच प्रिंट' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता द्वारा परंपरागत मीडिया के सामने डिजिटल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस 'एआई' के चुनौतियों के बारे में अनेक पहलुओं पर विचार साझा किया गया। व्याख्यान का कुल मिलाकर लब्बोलुआब यही था कि डिजिटल मीडिया की सुनामी और 'एआई' के झंझावात के बावजूद प्रिंट मीडिया की विश्वसनीयता अभी भी कायम है। बिलाशक मीडिया विस्फोट के बावजूद अखबार आज भी आम भारतीय परिवारों के दिनचर्या का अहम हिस्सा है। एक दौर वह भी था जब घरों में सुबह की शुरुआत अखबार और चाय की प्याली से होती थी। अखबार के प्रति लोगों में बेकरारी का आलम यह होता था कि यदि तय वक्त में यह न पहुंचे तो लोग दरवाजे पर हॉकर का इंतजार करते थे। उस पीढ़ी में परिवार के लोग अखबार के अलग-अलग पन्नों को बांटकर पढ़ा करते थे और सबके अपने-अपने पसंदीदा पेज हुआ करता था।

गौरतलब है कि प्रागैतिहासिक काल से आधुनिक सभ्यता के विकास के हर दौर में मनुष्य सूचनाओं के प्रति हमेशा से जिज्ञासु रहा है।मानवीय जिज्ञासा का ही परिणाम है कि संचार माध्यमों का बड़ी तेजी से विकास हुआ है जिससे मीडिया जगत भी अछूता नहीं है। वक्त ने करवट बदली और नयी पीढ़ी अखबार से दूर होते चली गई। इस बदलाव की प्रमुख वजह युवा पीढ़ी की अस्त-व्यस्त दिनचर्या और अखबारों के प्रति उदासीनता के अलावा डिजिटल मीडिया की लत है। आज की पीढ़ी खबरों के लिए सोशल मीडिया खंगालती है भले ही खबरों की सत्यता संदेहास्पद हो। अखबार और डिजिटल मीडिया में यही मूल अंतर है कि समाचार-पत्रों में किसी भी खबर के प्रति मर्यादा और जवाबदेही होती है जबकि डिजिटल मीडिया में इसका सर्वथा अभाव होता है। नयी पीढ़ी को अखबारों से जोड़ने के उद्देश्य से ही उत्तरप्रदेश, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश में वहां के सरकारों ने सभी सरकारी स्कूलों में छात्रों को प्रतिदिन अखबार पढ़ाए जाने का निर्णय लिया है। इस फैसले के पीछे प्रमुख मंशा छात्रों में पढ़ने की आदत और रूचि को विकसित करना है और यह समाचार पत्रों के माध्यम से ही संभव है। बेशक राज्य सरकारों का यह निर्णय अन्य राज्यों के लिए भी अनुकरणीय है क्योंकि इससे छात्रों के स्क्रीन टाइम में भी कमी आएगी जो एक बड़ी चुनौती है।



सूचना क्रांति के वर्तमान दौर में डिजिटल और सोशल मीडिया के धमक ने सदियों पुराने पारंपरिक मीडिया के वर्चस्व को तोड़ दिया है। इंटरनेट ने समाचारों की गति और प्रकृति दोनों को बदल दिया है जबकि पत्रकारिता का उद्देश्य तकनीक में नहीं बल्कि खबरों की सत्यता में है। विडंबना है कि आज के 'इंस्टेंट' दौर में पाठक सोशल मीडिया की बिखरी हुई खबरों को सच मान रहा है जो पत्रकारिता के लिए एक त्रासदी है। डिजिटल और सोशल मीडिया ने खबरों की रफ्तार को रॉकेट साइंस की गति दे दी है फलस्वरूप सबसे पहले और सबसे जल्दी की फेर में खबर की सत्यता परखे बिना फर्जी खबरें और विडियो को रिट्वीट या वायरल करने की दिवानगी काफी बढ़ी है।हाल के दिनों में अनेक राजनेताओं और सेलेब्रिटियों के मौत से लेकर सांप्रदायिक दंगों से संबंधित फेक न्यूज और विडियो वायरल होने के मामले प्रकाश में आई है जिससे तनाव बढ़ा था। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के एक शोध में पता चला है कि डिजिटल मीडिया में फर्जी खबरें बड़ी तेजी से फैलती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि फेक न्यूज 'अधिक नवीन' होता है और यूजर्स भी अपने उतावलेपन में बिना खबर की पुष्टि किए तेजी से रिट्वीट या शेयर करते हैं। वैश्विक परिदृश्य में देखें तो शोध के नतीजे सौ फीसदी सटीक हैं क्योंकि कोरोना महामारी और युद्ध के दौरान सबसे फर्जी खबरें और वीडियो सोशल मीडिया के जरिए ही फैली है।

बकौल वरिष्ठ पत्रकार आलोक पुतुल 'डिजिटल मीडिया ने सूचना को लोकतांत्रिक बनाया है लेकिन इसमें संपादन की संस्कृति कमजोर हो गई है। डिजिटल मीडिया में संवाद बढ़ा है लेकिन भाषा और तथ्य दोनों असावधान हो गए हैं। उनका मानना है कि डिजिटल मीडिया अभिव्यक्ति का सबसे बड़ा माध्यम है लेकिन सत्य और असत्य का फासला काफी कम रह गया है।इसके इतर प्रिंट मीडिया में खबरें कई स्तरों से गुजरती है और संपादक का निर्णय अंतिम होता है मतलब साफ है कि इस माध्यम में खबरों की जवाबदेही तय है। अखबारों की इसी जिम्मेदारी के चलते पाठकों का भरोसा आज भी डिजिटल मीडिया की तुलना में प्रिंट मीडिया के प्रति अधिक है।मुकम्मल बात यह कि मीडिया जगत में हो रहे तमाम बदलाव के बावजूद डिजिटल मीडिया के सामने सबसे बड़ा संकट भरोसे का है जिसके चलते गंभीर पाठकों का विश्वास अखबारों पर ही है। ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशंस 'एबीसी' के एक सर्वे के मुताबिक 70 फीसदी से अधिक पाठकों ने प्रिंट मीडिया को भरोसेमंद बताया है।

गौरतलब है कि भारत में समाचार पत्रों का स्वर्णिम इतिहास रहा है, देश के स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर स्वातंत्र्योत्तर भारत के राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में अखबारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अखबारों के इतिहास पर गौर करें तो दुनिया में अखबारों की शुरुआत 400 साल पहले हुई वहीं भारत में यह 245 साल पुराना है। देश का पहला अंग्रेजी अखबार 1780 में 'द बंगाल गजट' के नाम से कोलकाता से प्रकाशित हुआ तथा 1826 में 'उदन्त मार्तण्ड' के नाम से पहले हिंदी समाचार पत्र की शुरुआत हुई। इंटरनेट क्रांति से पहले तक अखबार ही समाचार और सूचनाओं के लिए एक सबसे प्रभावी माध्यम हुआ करता था। देश में भारतीय परिवारों के बीच रेडियो, टेलीविजन न्यूज चैनलों की पैठ होने के बावजूद अखबारों की प्रासंगिकता थी क्योंकि समाचार पत्र ही एक ऐसा माध्यम था जो लोगों को स्थानीय से लेकर देश और दुनिया की खबरें देने में कामयाब है।मीडिया जगत में हो रहे बदलाव के मद्देनजर अखबारों ने भी अपने तकनीक को विकसित किया है जिसका परिणाम है कि आज समाचार पत्र भी डिजिटल से लेकर प्रिंट के स्वरूप में पाठकों के सामने है। समाचार पत्रों के बाजार को देखें तो कोरोना महामारी के दौर को छोड़ दें तो भारत दुनिया का सबसे बड़ा समाचार पत्र बाजार है। बीते वर्ष 2025 में भारतीय अखबार उद्योग का कुल राजस्व 26,000 करोड़ से अधिक था जिसका चालू वर्ष में 30,000 करोड़ रुपए होने की संभावना है। अनुमान के मुताबिक साल 2030 भारतीय अखबार उद्योग का बाजार 36,000 करोड़ रुपए पहुंचने की उम्मीद है। कोरोना महामारी ने प्रिंट मीडिया पर खासा असर डाला था फलस्वरूप 2020 में राजस्व प्राप्ति 19,000 करोड़ रुपए की थी।

अलबत्ता अखबार केवल बौद्धिक विकास में ही सहायक नहीं है बल्कि यह बुजुर्गों में होने वाले मानसिक रोग 'अल्जाइमर' के बचाव और नियंत्रण में भी सहायक है। इस दिमागी बीमारी में व्यक्ति की याददाश्त धीरे-धीरे कमजोर होते जाती है जिससे उसके सोचने - समझने की क्षमता और व्यवहार पर असर पड़ता है। चिकित्सा विशेषज्ञों की मानें तो अखबारों में प्रकाशित होने वाले शब्द पहेली, सुडोकू और वर्ग पहेली का नियमित अभ्यास अल्जाइमर के बचाव और नियंत्रण में मददगार हो सकता है। दरअसल शब्द पहेली और सुडोकू मस्तिष्क को सक्रिय रखती है तथा याददाश्त में सुधार भी करता है। इन पहेलियों से लोगों में जहां तर्क शक्ति बढ़ती है वहीं इससे मनोरंजन भी होता है जो एकाकीपन और अवसाद से बचाता है। लिहाजा हम कह सकते हैं कि अखबार केवल राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक चेतना के लिए ही नहीं बल्कि सेहत और बौद्धिक विकास के लिए भी आवश्यक है। अखबार केवल सूचना और बौद्धिक विकास के माध्यम ही नहीं है बल्कि यह लाखों लोगों के आजीविका का भी साधन है।

बहरहाल भारत में अखबारों के सामने सबसे बड़ी चुनौती राजस्व की है क्योंकि एक दौर में विज्ञापनों पर एकाधिकार सिर्फ अखबारों और पत्रिकाओं का था लेकिन टेलीविजन के विस्तार ने इस एकाधिकार पर तेजी से असर डाला है। आज इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया से आगे डिजिटल मीडिया खड़ा है जिसके हिस्से में अच्छा - खासा राजस्व जा रहा है लिहाजा अखबारों के सामने अनेक चुनौतियां भी हैं। अलबत्ता आम पाठकों की रूचि गंभीर लेखन और सच को पढ़ने की है इसलिए तमाम चुनौतियों के बावजूद अखबार का अस्तित्व हमेशा रहेगा। यह भी सच है कि जो भरोसेमंद होता है वही टिकाऊ होता है लिहाजा यह भरोसा कायम रखने के लिए अखबारों को भी वर्तमान जरूरत के मुताबिक अपने कलेवर और कंटेंट में बदलाव करना होगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

हनुमान जयंती विशेष
आचार्य दीप चन्द भारद्वाज



## अतुलनीय बल के स्वामी और श्री राम के अनन्य उपासक

अंजनी पुत्र हनुमान को कलयुग का सबसे प्रभावशाली देवता माना जाता है। मान्यता है कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की सेवा के लिए महादेव ने एकादशी रूद्र को ही हनुमान के रूप में अवतरित किया था। सनातन संस्कृति के उपासकों के लिए हनुमान जयंती का विशेष रूप से महत्व है। भगवान हनुमान के दिव्य गुण इस उत्सव का मुख्य आकर्षण हैं। हनुमान निःस्वार्थ भक्ति, निष्ठा और समर्पण के प्रतीक हैं। हनुमान जी का दैवी गुणों से परिपूर्ण आध्यात्मिक उदात्त चरित्र हमें जीवन के संघर्षों और चुनौतियों पर विजय पाने और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनने के लिए भक्ति, विनम्रता और समर्पण का पाठ पढ़ाता है। पवनसुत, मंगल मूर्ति, संकट मोचन आदि कहे जाने वाले श्री हनुमान के नाम के स्मरण मात्र से ही भक्तों के समस्त दुखों का नाश हो जाता है। हनुमान के दिव्य गुणों का वर्णन करते हुए हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि 'मनोजवं मारुततुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथमुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये। अर्थात भगवान हनुमान मन से भी अधिक भगवान, वायु के समान तीव्र वेग वाले, इंद्रियों पर विजय प्राप्त करने वाले, बुद्धिमानों में वरिष्ठ, वायु पुत्र, वानर समूह के मुख्य नेता, भगवान श्री राम के अन्य दूत हनुमान का सान्निध्य प्राप्त हो। तुलसीदास ने हनुमान को गुणों का भंडार माना है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के हनुमान अन्य सेवक एवं उपासक थे। वे मानसा, वाचा, कर्मणा प्रभु श्री राम को समर्पित थे। बाल्मीकि रामायण के अनुसार रावण का वध करने और लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद प्रभु श्री राम अयोध्या लौटे, तब उन्होंने युद्ध में साथ देने वाले सभी वीरों को उपहार दिया, जब हनुमान जी की बारी आई तो उन्होंने याचना करते हुए प्रभु राम से कहा कि -हे राम, इस लोक पर जब तक राम कथा प्रचलित रहे, तब तक मेरे प्राण शरीर में बसे रहे। हनुमान की याचना पर श्री राम ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि - 'हे कपि श्रेष्ठ इस संसार में जब तक राम कथा प्रचलित रहेगी, तब तक तुम्हारी कीर्ति अमिट रहेगी'। सात्विक अंतकरण एवं एकाग्रता के साथ की गई हनुमान की उपासना से हमारे जीवन में व्याप्त समस्त नकारात्मक आसुरी शक्तियों का विनाश हो जाता है। शरीर तथा मन में व्याप्त रोगों का हनुमान के स्मरण से विनाश हो जाता है। हनुमान आध्यात्मिक विभूतियों से परिपूर्ण महान पराक्रमी योद्धा हैं। हनुमान की भक्ति मनुष्य को पराक्रम शारीरिक तथा मानसिक बल प्रदान करने वाली मानी गई है। वे मनुष्य और देवता के बीच वह सेतु हैं जो यह सिद्ध करते हैं कि यदि चेतना जागृत हो जाती है तो शारीरिक सीमाएं अर्थहीन हो जाती हैं। वह ब्रह्म की साक्षात क्रियात्मक शक्ति हैं। हनुमान जी ब्रह्मांड के वह पार्टिकल हैं जिनमें साक्षात परमात्मा की स्पीड और पावर विद्यमान है। उनकी अष्ट सिद्धियां वास्तव में पदार्थ और ऊर्जा पर नियंत्रण की प्रतीक हैं। अणिमा सिद्धि परमाणु स्तर पर संकुचित होने की क्षमता है, जबकि महिमा ब्रह्मांडीय विस्तार का विज्ञान है। वह क्वांटम फिजिक्स के मास डिसेंटी और स्पेस टाइम के सिद्धांतों को चुनौती देने वाली सर्वोच्च तकनीक हैं। वज्र के समान उनका शरीर उनकी कोशिकाओं का घनत्व सामान्य जैविक ढांचे से भिन्न था, जो उन्हें वायु की गति से उड़ाने और गुरुत्वाकर्षण को भी बेअसर करने की शक्ति प्रदान करता था। हनुमान का प्रक्रम किसी सेवा का मोहताज नहीं था, वह स्वयं वन मैन आर्मी थे। समुद्र लांघना हनुमान जी की शारीरिक शक्ति नहीं, बल्कि उनके संकल्प की विजय थी। वे उत्कृष्ट वाणी के स्वामी और ऋग्वेद के प्रकांड विद्वान थे। जब ऋष्यमूक पर्वत पर हनुमान प्रथम बार प्रभु श्री राम से मिले तो उन्होंने एक ब्राह्मण का वेश धारण करके शास्त्र सम्मत संवाद किया। उनकी व्याकरण और शुद्ध उच्चारण से परिपूर्ण वाणी को सुनकर भगवान श्री राम भी चकित रह गए। किष्किंधा कांड में हनुमान के व्यक्तित्व की उत्कृष्टता लक्ष्मण को बताते हुए प्रभु राम कहते हैं कि - 'जिसने ऋग्वेद की शिक्षा न ली हो, यजुर्वेद का अभ्यास न किया हो। सामवेद का जिसे ज्ञान न हो, वह इतनी परिष्कृत भाषा में संवाद नहीं कर सकता।' निश्चय ही हनुमान ने संपूर्ण व्याकरण का अनेक बार स्वाध्याय किया है। इससे सिद्ध होता है कि हनुमान जी वाचस्पति थे। हनुमान की भक्ति अभय प्रदान करती है। मानसिक पटल पर विद्यमान भय, चिंता, रोग, कष्ट को दूर करके मंगल प्रदान करने वाली कही गई है।



(लेखक आध्यात्मिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## यह मन का कमाल है



संकलित
दर्शन

सिर्फ अनुभव करने से ही यह आएगी। अगर आप अपनी आंखें बंद करके अपने मन से कोई चीज हटाने की कोशिश करते हैं, तो आप कभी सफल नहीं होंगे। दाढ़ी बनाते समय बहुत से लोग अपना चेहरा काट लेते हैं, क्योंकि वे त्वचा से अधिक निकट दाढ़ी काटना चाहते हैं और रेजर उनकी योजना से अधिक निकट चला जाता है। यह मन का कमाल है। जो चीजें आप चाहते हैं, उनका प्रतिरोध करने की कोशिश कीजिए। आप देखेंगे कि वे आपके अंदर तीव्रता से व्यक्त होंगी। अगर आप कोई चीज नहीं चाहते हैं कि वह हो, तो उसे न होने देने की कोशिश कीजिए। तब वह जरूर होगी। ऐसा इसलिए है, क्योंकि आप एक ऐसी अवस्था में हैं, जहां आप अपने मन को पहले गियर में डालना चाहते हैं और वह रिवर्स गियर में चला जाता है। चीजें करने का यह सबसे अच्छा तरीका नहीं है, लेकिन यह समझने के लिए कि अभी मन उसी तरह है, आप इसे आजमा सकते हैं। अगर आप किसी चीज का विरोध करते हैं, तो सिर्फ वही चीज घटित होगी। इसलिए मन का प्रतिरोध मन कीजिए, अपने मन की खोज कीजिए। आपका मन कैसे कार्य करता है, उसे समझना किसी बौद्धिक विश्लेषण से नहीं आता। इसकी खोज करनी पड़ती है। अपने शरीर को एक मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन किस विशेष ढंग से काम करता है। अपने शरीर को दूसरी मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन एक अलग ढंग से काम करता है। अगर आप एक आसन में बैठकर ठीक ढंग से सांस लेते हैं, तो मन विभिन्न अवस्थाओं में चला जाएगा।

## मूर्ख साधू और ठग



संकलित
प्रेरणा

किसी गांव के मंदिर में देव शर्मा नाम का एक प्रतिष्ठित साधू रहता था। उसे अपने भक्तों से दान में तरह- तरह के वस्त्र, उपहार, खाद्य सामग्री और पैसे मिलते थे। उन वस्त्रों को बेचकर साधू ने काफी धन जमा कर लिया था। वह अपने धन को एक पोटली में रखता था और उसे हमेशा अपने साथ लेकर ही चलता था। उसी गांव में एक ठग रहता था। ठग हमेशा साधू का पीछा किया करता था, लेकिन साधू उस गठरी को कभी अपने से अलग नहीं होने देता। उसने साधू से मिन्नत की कि वह उसे अपना शिष्य बना ले क्योंकि वह ज्ञान प्राप्त करना चाहता था। साधू तैयार हो गया और इस तरह से वह ठग साधू के साथ ही मंदिर में रहने लगा। ठग मंदिर की साफ सफाई से लेकर अन्य सभी कार्य भी करता था। एक दिन साधू को पास के गांव में एक अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया गया, साधू ने वह आमंत्रण स्वीकार किया और निश्चित दिन साधू अपने शिष्य के साथ अनुष्ठान में भाग लेने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में एक नदी पड़ी और साधू ने स्नान करने की इच्छा व्यक्त की। उसने पैसों की गठरी को एक कम्बल के भीतर रखा और उसे नदी के किनारे रख दिया। उसने ठग से सामान की रखवाली करने को कहा और खुद नहाने चला गया। ठग को तो कब से इसी पल का इंतजार था। जैसे ही साधू नदी में डुबकी लगाने गया, वह रुपयों की गठरी लेकर चम्पत हो गया। शिक्षा- किसी अजनबी की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर ही उस पर विश्वास नहीं कर लेना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### डिजिटल जनगणना का महत्त्व

भारत में होने जा रही आगामी जनगणना कई मायनों में ऐतिहासिक साबित होने वाली है। यह पहली बार होगा जब जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से संपन्न की जाएगी, जिससे न केवल प्रक्रिया तेज और पारदर्शी बनेगी, बल्कि आंकड़ों की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। पारंपरिक कागज आधारित प्रणाली के स्थान पर अब मोबाइल एप, वेब पोर्टल और रियल-टाइम डेटा मॉनिटरिंग का उपयोग किया जाएगा। इससे जनगणना कर्मचारियों द्वारा एकत्रित जानकारी सीधे सर्वर पर पहुंचेगी, जिससे डेटा प्रोसेसिंग में लगने वाला समय काफी कम हो जाएगा। इस डिजिटल जनगणना की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसे दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। इससे डेटा अधिक व्यवस्थित और विश्लेषण योग्य बनेगा।

*- मदन जोशी, जगदलपुर*

## ट्रेंड

### स्वच्छता रैंकिंग



लखनऊ नगर निगम के बेहतर कूड़ा प्रबंधन एवं क्लीन सिटी-ग्रीन सिटी की सिद्धि हेतु आज लखनऊ में पर्यावरण अनुकूल हरित ऊर्जा से संचालित 250 इलेक्ट्रिक व सीएनजी वाहनों को फ्लैग ऑफ किया। लखनऊ स्वच्छता रैंकिंग में देश के शीर्ष तीन शहरों में शामिल हुआ है।

- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### लिएंडर पेस का स्वागत



भाजपा परिवार में शामिल होने के उपरांत, टेनिस जगत के प्रतिष्ठित खिलाड़ी एवं ओलंपिक पदक विजेता लिएंडर पेस ने आज शिष्टाचार भेंट की। खेल के क्षेत्र में आपका व्यापक अनुभव और राष्ट्र के प्रति आपकी निष्ठा निश्चित रूप से समाज के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### बीजेपी को हार का डर



तीन महीनों में गुजरात में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के खिलाफ़ 145 एफआईआर हो चुकी हैं। बीजेपी गुजरात में हार के डर से हमारी पार्टी से बुरी तरह से बौखलायी हुई है। आज हमारे राज्य अध्यक्ष इसुदान गढ़वी को गिरफ्तार कर लिया।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### ज़रूरी वस्तुएं महंगी



मोदी सरकार ने देश की सामरिक और आर्थिक नीति तहस-नहस कर दी है। इसका सीधा खामियाजा 140 करोड़ भारतीयों को उठाना पड़ रहा है। आज से रोजमर्रा की कई ज़रूरी चीजों के दाम बढ़ेंगे।

- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

रॉयल पत्रिका

## करंट अफेयर

### ईरान को व्यवस्थित तरीके से कुचला जा रहा है : नेतन्याहू



ईरान के खिलाफ युद्ध में 'बड़ी उपलब्धियों' की प्रशंसा करते हुए इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल-अमेरिका का संयुक्त अभियान इस्लामी शासन को 'व्यवस्थित तरीके से कुचल रहा है' और इस यहूदी राष्ट्र के सामने मौजूद अस्तित्वगत खतरों को खत्म कर रहा है। यहूदी पर्व 'पेसाच' (पासओवर) से पहले हिब्रू में राष्ट्र को संबोधित करते हुए नेतन्याहू ने कहा कि 'देर-सवेर' ईरानी शासन गिर जाएगा और इजराइल, तेहरान से उत्पन्न साझा खतरे के खिलाफ 'क्षेत्र के महत्वपूर्ण देशों के साथ नए गठबंधन' बना रहा है। इजराइली प्रधानमंत्री ने किसी देश का नाम नहीं लिया, लेकिन संक्षेप में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि 'जल्द ही मैं आपको इन महत्वपूर्ण गठबंधनों के बारे में और बता पाऊंगा।' नेतन्याहू ने कहा, 'स्वतंत्रता पर्व की पूर्व संध्या पर इजराइल पहले से कहीं अधिक मजबूत है। पूरी दुनिया ईरान के दुष्ट शासन के खिलाफ हमारी लड़ाई में हमारी दहाड़ सुन रही है, एक ऐसी लड़ाई जिसमें हमने अपार उपलब्धियां हासिल की हैं।' यह संबोधन ऐसे समय में आया जब देश लेबनान में जमीनी अभियान के दौरान चार सैनिकों की मौत पर शोक मना रहा है।

## ऑफ बीट

### जैतून के पत्ते का अर्क भी स्वास्थ्य के लिए अच्छा



जैतून में कई स्वास्थ्यवर्धक पोषक तत्व भी होते हैं। अब जैतून के पत्तों के स्वास्थ्य लाभ के बारे में प्रमाण बढ़ रहे हैं जिनमें हाल में किए गए एक अध्ययन से प्राप्त साक्ष्य भी शामिल हैं। जैतून के पत्तों को पारंपरिक रूप से भूमध्य सागर क्षेत्र में चाय के रूप में इस्तेमाल किया जाता है और बुखार एवं मलेरिया के इलाज में यह चाय पी जाती है। जैतून की पत्तियों में 'ओलेयूरोपिन' नामक एक प्रकार का 'एंटीऑक्सीडेंट' उच्च मात्रा में पाया जाता है। जैतून और जैतून के तेल में भी यह पाया जाता है, लेकिन कम मात्रा में। आम तौर पर, पत्ती जितनी हरी होती है (कम पीली) उसमें उतना ही अधिक 'ओलेरोपिन' होता है। जैतून के पत्तों में अन्य 'एंटीऑक्सीडेंट' भी होते हैं जैसे 'हाइड्रॉक्सीटायरोसोल', 'ल्यूटोलिन', 'एपिजेनिन' और 'वर्बास्कोसाइड'। 'एंटीऑक्सीडेंट' शरीर में 'ऑक्सीडेटिव' तनाव को कम करते हैं। 'ऑक्सीडेटिव' तनाव हमारे डीएनए (डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड), कोशिका झिल्ली और ऊतकों को नुकसान पहुंचाता है, जिससे कैंसर और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।

# जयपुर में पश्चिमी क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन का आगाज़, आत्मनिर्भर खेती और नवाचार पर जोर

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजधानी जयपुर में आयोजित पश्चिमी क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन ने देश के कृषि क्षेत्र को नई दिशा देने का संकेत दिया है। इस सम्मेलन में किसानों की आत्मनिर्भरता, आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक खेती और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय पर विशेष जोर दिया गया। केंद्र और राज्य सरकारों के मंत्रियों, कृषि विशेषज्ञों और किसानों की मौजूदगी में यह मंच कृषि सुधार और नवाचार का बड़ा माध्यम बनकर उभरा। सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था की नींव कृषि पर टिकी है और किसान देश की असली ताकत हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार का फोकस केवल उत्पादन बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि किसानों की आय दोगुनी करने, जीवन स्तर सुधारने और खेती को लाभकारी बनाने पर है। उन्होंने राज्यों से अपील की कि वे अपनी भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार कृषि मॉडल विकसित करें और एक-दूसरे के नवाचारों से सीख लें।




**कृषि में नवाचार और विविधीकरण पर जोर**

चौहान ने कहा कि अब समय पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर विविधीकरण और एकीकृत कृषि प्रणाली अपनाने का है। इससे न केवल उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि किसानों को सालभर आय के अवसर भी मिलेंगे। उन्होंने फार्मर आईडी के तहत 100 प्रतिशत पंजीकरण और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को सुरक्षा देना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार कृषि योजनाओं में राज्यों को लचीलापन दे रही है, ताकि स्थानीय जरूरतों के अनुसार योजनाओं को लागू किया जा सके। इससे योजनाओं की प्रभावशीलता और किसानों तक पहुंच दोनों बेहतर होंगी।

**राजस्थान बना कृषि सुधारों का मॉडल**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान आज कृषि क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और राज्य सरकार ने "विकसित राजस्थान 2047" के तहत कृषि का स्पष्ट रोडमैप तैयार किया है। उन्होंने बताया कि कृषि बजट में 34 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि कर 1.19 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो किसानों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि राज्य में बाजरा, सरसों और ईसबगोल उत्पादन में अग्रणी स्थान है और अब इन उत्पादों को प्रोसेसिंग यूनिट्स के जरिए अधिक लाभकारी बनाया जा रहा है। इसके अलावा, सिंचाई परियोजनाओं, फव्वारा सिस्टम और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से खेती को अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाएं, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार उर्वरकों का उपयोग करें और कृषि के साथ पशुपालन को जोड़ें, जिससे लागत कम हो और आय बढ़े। आगामी "ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट-2026" का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन किसानों को अंतरराष्ट्रीय तकनीक और विशेषज्ञता से जोड़ने का बड़ा अवसर होगा। सम्मेलन में गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गोवा के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया और कृषि से जुड़ी चुनौतियों, जल प्रबंधन, डिजिटल खेती और फसल सुरक्षा जैसे विषयों पर अपने अनुभव साझा किए। यह सम्मेलन न केवल नीति निर्माण के स्तर पर बल्कि जमीनी स्तर पर भी बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है, जिससे किसानों को नई तकनीक, बेहतर संसाधन और अधिक आय के अवसर मिल सकेंगे।

# राजस्थान यूनाईटेड फुटबॉल क्लब ने आयोजित की फुटबॉल प्रतियोगिता

## -स्वस्थ तन और मन के लिए जीवन में खेल जरूरी-राज्यपाल

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मंगलवार को विद्याधर नगर स्थित स्टेडियम में राजस्थान यूनाईटेड फुटबॉल क्लब द्वारा आयोजित 'इण्डियन फुटबाल लीग' का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वस्थ तन और मन लिए खेल जरूरी है। उन्होंने "खेलो इंडिया" के तहत भारतीय खेलों के प्रोत्साहन के लिए किए जा रहे प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया। बागडे ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे फुटबॉल खिलाड़ियों को खेल में उम्दा प्रदर्शन कर अपनी टीम को विजयी बनाने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि फुटबॉल तेजी से विश्व का सबसे लोकप्रिय खेल बनता जा रहा है। इसका इतिहास दो हजार साल से अधिक पुराना है। राज्यपाल ने कहा कि आधुनिक फुटबॉल का जन्म 19वीं सदी में इंग्लैंड में हुआ। अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल संघ (फीफा) की स्थापना 1904 में फ्रांस की राजधानी पेरिस में हुई। इसके संस्थापक सदस्यों में बेल्जियम, फ्रांस, डेनमार्क, नीदरलैंड, स्पेन, स्वीडन और स्विट्जरलैंड शामिल थे। पेरिस में 1900 में हुए विश्व कप के बाद हर विश्व कप में यह खेल खेला गया है। महिलाओं की प्रतियोगिता को अटलांटा 1996 के खेलों में शामिल किया गया था। राज्यपाल ने भारत में फुटबॉल खेल के इतिहास की चर्चा करते हुए कहा कि भारत में महिला फुटबॉल की 1990 के दशक में शुरुआत हुई। पुरुषों के खेल की तरह ही, महिलाओं के खेल में भी शुरुआती खिलाड़ी पश्चिम बंगाल राज्य से थीं। उन्होंने भारतीय फुटबॉल के पथ प्रदर्शक नागेंद्र प्रसाद को याद करते हुए कहा कि उन्होंने ही सबसे पहले कोलकाता और बंगाल में कई फुटबॉल क्लब स्थापित किए। इसी से हमारे यहां इस खेल की लोकप्रियता में वृद्धि हुई। बागडे ने युवाओं को खेलों से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे बौद्धिक क्षमता बढती है। इसीलिए भारत सरकार ने 'खेलो इंडिया' अभियान के साथ खेलों के विकास के लिए निरंतर कदम उठाए हैं। राज्यपाल ने बाद में फुटबॉल मैच भी देखा।



# राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष ने विश्व नवकार महामंत्र दिवस पोस्टर का किया लोकार्पण



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को विधान सभा में विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर प्रकाशित पोस्टर का लोकार्पण किया। इस पोस्टर का प्रकाशन जीतो जयपुर की विभिन्न शाखाओं ने संयुक्त रूप से किया है। इस अवसर पर जयपुर ग्रेटर नगर निगम के निवर्तमान उप महापौर पुनीत कर्णावट के नेतृत्व में जीतो जयपुर के प्रतिनिधिमंडल ने विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को 9 अप्रैल को जयपुर के मालवीय नगर के आचार्य तुलसी मार्ग स्थित अणुविभा केन्द्र में आयोजित होने वाले "विश्व नवकार महामंत्र दिवस" के भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। प्रतिनिधिमंडल में जीतो जयपुर चैप्टर की चेयरपर्सन श्रीमती सलोनी जैन, महामंत्री हितेश भांडिया, कार्यक्रम संयोजक देवांग शाह और पुष्पेश कांकरिया उपस्थित थे। इस मौके पर जीतो जयपुर के प्रतिनिधियों ने बताया कि अणुविभा केन्द्र में विश्व नवकार महामंत्र दिवस जयपुर में विराजित आचार्य, साधु एवं साध्वीगण के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में राष्ट्र संत आचार्य सुन्द्रर सागर महाराज सहसंघ, आचार्य शशांक सागर महाराज सहसंघ, अणुव्रत आचार्य महाश्रमण के सुशिष्य मुनि तम्बरूचि और सुधाकर कुमार ठाणा तथा साध्वी मणिप्रभा साध्वी वृंद उपस्थित रहेंगे। नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप के माध्यम से विश्व में शांति, सद्भाव एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का आह्वान किया जाएगा।

# बारिश के बीच जयपुर में धरने पर बैठे हैं पत्रकार, क्यों नहीं सुन रही सरकार?

**मोहम्मद अली पठान**

जयपुर/चूरू (रॉयल पत्रिका)। पत्रकारों की आवाज़ को दबाने के आरोपों के बीच राजस्थान में विरोध की लपटें तेज़ होती जा रही हैं। आईएफडब्ल्यूजे के प्रदेशाध्यक्ष के प्रतिष्ठान पर हुई बुल्डोज़र कार्रवाई के विरोध में शुरू हुआ आंदोलन अब राज्यव्यापी स्वरूप ले चुका है। राजधानी में जारी बेमियादी धरने ने सरकार और प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं आईएफडब्ल्यूजे के प्रदेशाध्यक्ष उपेंद्र सिंह राठौड़ के जैसलमेर स्थित रेस्टोरेंट पर प्रशासन द्वारा की गई बुल्डोज़र कार्रवाई के विरोध में आईएफडब्ल्यूजे के बैनर तले जयपुर के शहीद स्मारक पर बेमियादी धरना 10वें दिन भी जारी रहा। आंदोलन की खास बात यह रही कि खराब मौसम और बारिश के बावजूद पत्रकारों का हौसला डिगा नहीं। मंगलवार यानी 7 अप्रैल को हनुमानगढ़ और बारां जिले से पहुंचे पत्रकार क्रमबद्ध धरने में शामिल हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। धरनास्थल पर मौजूद पत्रकारों ने इसे केवल एक व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं, बल्कि पूरी पत्रकार बिरादरी पर हमला बताया। आईएफडब्ल्यूजे के हनुमानगढ़ जिलाध्यक्ष राजू रामगढ़िया ने कहा कि सरकार पत्रकारों की समस्याओं को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि जैसलमेर की घटना यह साफ दिखाती है कि प्रशासन और सत्ता के नुमाइंदे सच को सुनने और स्वीकार करने की स्थिति में नहीं हैं। राजू रामगढ़िया के अनुसार, जब वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्र सिंह राठौड़ ने अपने अखबार के माध्यम से जनहित से जुड़े तथ्यों को उजागर किया, तो सत्ता के दबाव में आकर जिला प्रशासन ने उनके रेस्टोरेंट को बिना ठोस कारण बताए जमींदोज कर दिया। यह कार्रवाई न सिर्फ दुर्भावनापूर्ण थी, बल्कि कानून और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के भी खिलाफ है। बारां के जिला संगठन मंत्री राजेंद्र श्रृंगी ने कहा कि यह मामला अब सिर्फ राजस्थान तक सीमित नहीं रहा। देशभर के पत्रकार इस घटना से आहत और आक्रोशित हैं। शहीद स्मारक पर जारी यह आंदोलन एक चेतावनी है कि यदि सरकार ने समय रहते दोषी अधिकारियों और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की, तो यह आंदोलन राष्ट्रीय स्तर पर फैल सकता है। धरनास्थल पर वरिष्ठ पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की भी मौजूदगी रही। अमरनाथ पेंटर सहित कई गणमान्य लोग समर्थन जताने पहुंचे। वक्ताओं ने एक सुर में कहा कि लोकतंत्र में पत्रकारिता की भूमिका को कुचलने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लगातार आठ दिनों से जारी इस धरने ने यह साफ कर दिया है कि पत्रकार अपने सम्मान, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सच के साथ खड़े रहने के लिए लंबी लड़ाई को भी तैयार हैं। अब निगाहें सरकार के अगले कदम पर टिकी हैंकृसंवाद पर आएगी या टकराव को और बढ़ाएगी। धरने में हनुमानगढ़ टीम से जिलाध्यक्ष राजू रामगढ़िया, उपाध्यक्ष गोविंद लालवानी, जिला सचिव अमरनाथ पेंटर, कार्यकारिणी सदस्य लाल बहादुर भाकर, बारां टीम से संगठन मंत्री राजेंद्र श्रृंगी, कार्यकारिणी सदस्य राहुल शर्मा, भगवान दास कुशवाहा, हरीश कुमार शर्मा व राकेश चौधरी आदि शामिल हुए।




# देवनारायण योजना की समीक्षा बैठक: अति पिछड़ा वर्ग के उत्थान पर जोर, योजनाओं में सुधार के निर्देश



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने मंगलवार को देवनारायण योजना के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक लेकर उनकी भौतिक और वित्तीय प्रगति का आकलन किया। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और निरंतर सुधार के निर्देश दिए। अंबेडकर भवन स्थित विभागीय मुख्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित बैठक में कॉलेज शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, सार्वजनिक निर्माण, कौशल नियोजन एवं उद्यमिता, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इसके साथ ही देवनारायण बोर्ड के प्रतिनिधि और सदस्य भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में देवनारायण योजना के अंतर्गत संचालित प्रमुख योजनाओं—उत्तर मैट्रिक और पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्ति, गुरुकुल योजना, अनुप्रति योजना, छात्रा स्कूटी वितरण, प्रोत्साहन राशि योजना, आदर्श छात्रावास, आवासीय विद्यालय और महाविद्यालय संचालन—पर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार अति पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि निरंतर मॉनिटरिंग और समीक्षा बैठकों के कारण योजनाओं में सुधार देखने को मिल रहा है। हाल ही में 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में छात्रावासों और आवासीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परिणाम दिए हैं। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव दिनेश कुमार ने योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निदेशक ललित कुमार ने कहा कि बैठक में मिले सुझावों के आधार पर योजनाओं में और सुधार किया जाएगा। वहीं अतिरिक्त निदेशक सुंडाराम मीणा ने पीपीटी के माध्यम से योजनाओं की प्रगति और बजट की जानकारी प्रस्तुत की। इस दौरान गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह बैंसला ने समिति से जुड़े मुद्दों पर अधिकारियों के साथ चर्चा की। बैठक में देवनारायण बोर्ड और समिति के अन्य प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# 181 हेल्पलाइन पर एसीएस आलोक गुप्ता ने सुनीं जनसमस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए सख्त निर्देश



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक गुप्ता ने मंगलवार को सचिवालय स्थित 181 कंट्रोल रूम का दौरा कर आमजन की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने परिवादियों से सीधे संवाद कर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया, समाधान और उसके प्रभाव को लेकर फीडबैक लिया। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा परिवादी को समय पर सूचित भी किया जाए। उन्होंने विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों को जल्द निपटाने और उनकी प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। हेल्पलाइन पर बातचीत के दौरान उन्होंने जोधपुर निवासी रामकिशोर की समस्या सुनी, जिसमें सीवर लाइन के खुले मेनहोल की शिकायत सामने आई। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा अजमेर के राजेंद्र, जोधपुर के राघव और उदयपुर के मुकेश से भी बात कर उनकी समस्याओं को सुना और शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। इनमें रोड लाइट, सीवरेज और पट्टा आवंटन जैसी समस्याएं शामिल रहीं। इससे पहले उन्होंने राजस्थान संपर्क पोर्टल से जुड़े मामलों की समीक्षा बैठक भी ली। बैठक में अधिकारियों को निस्तारण की औसत अवधि कम करने और शिकायतों के समाधान से संतुष्टि स्तर बढ़ाने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान बताया गया कि इस वर्ष जनवरी से अब तक यूआईटी विभाग के 23,627, जोधपुर विकास प्राधिकरण के 12,885 और जयपुर विकास प्राधिकरण के 20,141 से अधिक परिवादों का निस्तारण किया जा चुका है।

# नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा सख्त, 7 दिन में कबाड़ निस्तारण और शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा ने पदभार संभालते ही सख्त रुख अपनाते हुए अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया है कि कार्यशैली में बदलाव अब अनिवार्य है। मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय में आयोजित पहली बैठक में उन्होंने आमजन के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से धरातल पर उतारने के निर्देश दिए। करीब दो घंटे से अधिक चली इस मैराथन बैठक में आयुक्त ने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से निगम की विभिन्न शाखाओं के कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य, स्वच्छ सर्वेक्षण-2026, राजस्व, पशु प्रबंधन, उद्यान, विद्युत, हैरिटेज, अग्निशमन, प्रोजेक्ट और आयोजना शाखाओं सहित सभी विभागों की प्रगति पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त ने राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लंबित शिकायतों को लेकर सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 30 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों का निस्तारण 7 दिन के भीतर किया जाए, जबकि अन्य शिकायतों को भी शीघ्रता से हल किया जाए। साथ ही सभी जोन उपायुक्तों को निर्देश दिए गए कि जोन में पड़े कबाड़ और अनुपयोगी सामान को सात दिनों के भीतर हटाया जाए। फायर एनओसी प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने पर जोर देते हुए उन्होंने लंबित मामलों को तेजी से निपटाने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि नगर निगम की नकारात्मक छवि को बदलना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध निर्माण और अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई की जाए, खासकर सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, राजस्व वसूली के लिए अभी से तैयारी शुरू करने और विकास कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक के बाद सोमवार को किए गए निरीक्षण का असर भी साफ नजर आया। निगम मुख्यालय में सफाई अभियान चलाकर कबाड़ और अनुपयोगी सामान हटाया गया, जिससे कार्यस्थल पर स्पष्ट बदलाव देखने को मिला।

# सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक में सख्त निर्देश—लक्ष्य हासिल करें, अनियमितता पर होगी कड़ी कार्रवाई

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे पूरे मनोयोग से कार्य करते हुए विभागीय योजनाओं और गतिविधियों में निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करें। जिन जिलों में प्रगति कम है, वहां विशेष फोकस करने के निर्देश देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि अनियमितताओं के मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंगलवार को शासन सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि अन्न भंडारण योजना के तहत बन रहे 500 मीट्रिक टन क्षमता के गोदामों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण हो और उनका पूर्ण उपयोग सुनिश्चित किया जाए। साथ ही गोदामों को किराये पर देने के लिए जिला स्तर पर स्पष्ट मापदंड तय किए जाएं। उन्होंने कस्टम हायरिंग सेंटर्स की स्थापना में तेजी लाने, उनके उपयोग का डेटा तैयार करने और किसानों को मिलने वाले लाभ का आकलन करने के निर्देश दिए। पैक्स कम्प्यूटराइजेशन कार्य में गति लाने और शेष समितियों को जल्द गो-लाइव करने पर भी जोर दिया गया। प्रगति में पीछे रहने वाले जिलों की सतत मॉनिटरिंग के साथ सहयोग नहीं करने वाली समितियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने जिला प्रभारियों को नियमित फील्ड विजिट कर पैक्स स्तर तक कार्यों की जांच करने को कहा। अनियमितताओं के मामलों में रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराने वाली समितियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश भी दिए। सहकारी भूमि विकास बैंकों के बकाया ऋणों की वसूली में तेजी लाने, एकमुश्त समझौता योजना का लाभ उठाने और फर्जी ऋण वितरण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में कम से कम 5 सहकारी समितियां नवाचार कर मिसाल पेश करें। साथ ही सहकारी समितियों को राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं की सदस्यता के फायदे बताकर सदस्यता बढ़ाने के निर्देश दिए। सहकारी उपभोक्ता भंडारों पर पैक्स उत्पादों को बढ़ावा देने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ पारदर्शिता से देने पर जोर दिया गया। बैठक में शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार सहकारिता डॉ. समित शर्मा ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर खरीद पूरी पारदर्शिता और बिना किसी शिकायत के होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि गेहूं खरीद पर राज्य सरकार द्वारा 150 रुपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है, जिससे खरीद में तेजी आने की संभावना है। इसके लिए सभी तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए गए।



उन्होंने जनसुनवाई के प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण, राज सहकार पोर्टल का पूर्ण उपयोग और सभी कार्यों को ई-फाइल के माध्यम से करने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों की रैंकिंग प्रणाली लागू कर प्रगति के आधार पर मूल्यांकन करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में राजफेड के प्रबंध निदेशक सौरभ स्वामी सहित विभिन्न सहकारी संस्थाओं के अधिकारी मौजूद रहे, जबकि जिला स्तर के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

# हाजियों को रियायती दामों पर खाना उपलब्ध कराएगी मुस्कान टूरिज्म

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। सऊदी अरब में टोंक रुबात में ठहरने वाले हाजियों को 2025 की तर्ज पर 2026 में जाने वाले हाजियों को भी zad al taha कम्पनी के साथ अहमदाबाद की मुस्कान टूरिज्म द्वारा एग्रीमेंट कर टोंक रुबात में ठहरने वाले हाजियों को वाजिब दामों पर बेहतरीन खाने की सुविधा रुबात में ही खाना बनाकर देना चाहते हैं। यह कम्पनी साथ ही गुजरात से जाने वाले हाजियों को भी इस तरह खाना खिलाने का इन्तिजाम करने में लगी है। कम्पनी इसके लिए संबंधित संस्थाओं से उसकी परमिशन लेने में लगी है और मांग करती है कि जल्द से जल्द परमिशन मुहैया कराई जाए, ताकि राजस्थान के कुक द्वारा तैयार लज़ीज खाना हाजियों को खिलाने की व्यवस्था कर सकें।



# अंजुमन इस्लामियां में सोशल मीडिया से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## -जिला विधि मजिस्ट्रेट डॉक्टर रुबीना परवीन अंसारी ने बताई सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बचने की जानकारी




बारां (रॉयल पत्रिका)। मदरसा अंजुमन इस्लामियां बारां में मंगलवार को सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बचने के लिए हाईकोर्ट के आदेशानुसार एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। अंजुमन के प्रवक्ता शब्बीर हुसैन ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला न्यायालय की विधि मजिस्ट्रेट डॉक्टर रुबीना परवीन अंसारी रही। साथ में न्यायालय के रीडर सर्वेश मोहन गौतम, पीए सुगन शर्मा, एलडीसी महेश कुमावत ओर साइबर थाने के हेड कांस्टेबल जावेद अख्तर मौजूद रहे। इस दौरान जिला विधि मजिस्ट्रेट डॉक्टर रुबीना परवीन अंसारी ने उपस्थित स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा कि मोबाइल, टेलीविजन ओर लैपटॉप आज के दौर में जितने हमारे लिए उपयोगी है उससे कई ज़्यादा इससे आज के दौर में नुकसान हो रहे हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से फ्रॉड, निजता का हनन, अश्लील फोटो ओर विडियोज के माध्यम से ब्लैकमेलिंग, अंजान व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया पर प्यार भरे मेसेज करके अपने जाल में फंसाना, साइबर क्राइम के जाल में फंसाना, देर रात तक मोबाइल में रील, यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम ओर सोशल मीडिया के तमाम उपयोग ओर दुरूपयोग के बारे में विस्तार से बताया। इसके अलावा अंजुमन इस्लामियां में स्टूडेंट्स के लिए एक शिकायत पेटी भी विधि मजिस्ट्रेट साहिबा ने लगवाई जिसमें बच्चे ओर बच्चियों के साथ होने वाले अपराध का बिना उनकी पहचान जाहिर किए निस्तारण करने का आश्वासन किया गया। कार्यक्रम में अंजुमन सदर मोहम्मद शाहिद मन्नू पठान, जनरल सेकेट्री फ़राज़ अहमद, खजांची मास्टर अय्यूब अली, प्रोग्राम कन्वीनर इकबाल नेता, तामीर कन्वीनर महबूब अली, कानूनी सलाहकार एडवोकेट गफ्फार खान, प्रिंसिपल सादिक हुसैन, आबिद देशवाली, नासिर खान बंटी सहित कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन इरफान मंसूरी ने किया।

# भाजपा का 47वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया, सांसद दुष्यंत सिंह बोले—बारां-झालावाड़ मेरा परिवार

**शब्बीर हुसैन**

बारां रॉयल पत्रिका)। भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कोटा रोड स्थित सांसद कार्यालय पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पार्टी का ध्वज फहराकर की गई, जिसके उपरांत भाजपा के जनसंघ के समय से सक्रिय वरिष्ठ पदाधिकारियों का श्रीफल भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद दुष्यंत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि वे अपने परिवार के बीच आए हैं और बारां-झालावाड़ की जनता उनका परिवार है। उन्होंने कहा कि जनता के समर्थन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने हैं। स्वर्गीय भैरों सिंह शेखावत द्वारा रखी गई विकास की नींव को आगे बढ़ाते हुए तथा राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से प्रेरणा लेकर हम सब विकास के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा आज करोड़ों कार्यकर्ताओं का परिवार बन चुकी है। सांसद ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री की सोच के अनुरूप अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना ही भाजपा का लक्ष्य है और "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के मंत्र के साथ कार्यकर्ता जनता के बीच रहकर सेवा कार्य करें। आत्मनिर्भर भारत, अंत्योदय और हर खेत तक पानी पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा बारां जिले में कराए गए विकास कार्यों का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष गोपीचंद मीणा ने जनसंघ से भाजपा तक के सफर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठन की मजबूती का आधार बूथ स्तर है। उन्होंने संस्थापक नेताओं को नमन करते हुए कहा कि उनके त्याग और संघर्ष की बदौलत ही भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश सिंह सिकरवार ने अध्यक्षीय उद्बोधन में अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे स्थापना दिवस के कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक सफलतापूर्वक आयोजित करें और आगामी




चुनावों में भाजपा का परचम लहराएं। विधायक राधेश्याम बैरवा ने क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। भाजपा जिला प्रवक्ता योगेश राजोरा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इससे पूर्व पार्टी का ध्वज फहराया गया तथा महिला मोर्चा द्वारा आकर्षक रंगोली बनाई गई। भाजयुमो के पूर्व जिला महामंत्री मनीष धाकड़ के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सांसद दुष्यंत सिंह का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

**इस अवसर पर ये रहे मौजूदः-** संगठन सह प्रभारी गौरव शर्मा, विधायक राधेश्याम बैरवा, प्रदेश भाजपा विशेष आमंत्रित सदस्य चंद्र प्रकाश विजय, वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक नंदलाल मीणा, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र नागर, जगदीश मीणा, नंदलाल सुमन, एसटी मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद मीणा, भाजपा नेता मजिद मलिक कमांडो, दीपक चतुर्वेदी, कार्यक्रम जिला संयोजक राकेश जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता रामस्वरूप यादव, अशोक बत्रा, हरगोविंद जैन, सुनील गालव जिला महामंत्री लक्ष्मीनारायण केरवालिया, महावीर सिंह हाड़ा, जिला उपाध्यक्ष निर्मल माथोडिया, जयेश गालव, गोविंद सिंह चौहान, मुकेश केरवालिया, हेमंत नागर, देवेंद्र शर्मा, कार्यक्रम सह संयोजक सीमा शर्मा, हेमंत मीणा रजपाली, उप जिला प्रमुख छीतरलाल मेघवाल, जिला मंत्री राजसिंह ठीकरिया, संजना मीणा, प्रियंका हरीश शर्मा, उषा कुशवाह, द्वारका मेहता, विष्णु गुप्ता, शहर अध्यक्ष ओ.पी. पारेता, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रोहित नागर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेश हाड़ा, प्रधान मोरपाल सुमन, प्रखर कौशल, ओबीसी मोर्चा जिला संयोजक द्वारका प्रसाद प्रजापति, जिला प्रकोष्ठ संयोजक अमरसिंह भील, कैलाश शर्मा, रामसागर मेघवाल, जिला प्रवक्ता राजेंद्र तोमर, भानु प्रताप रहलाई, आईटी विभाग के ऋतिक सुमन, सोशल मीडिया के रोहित नायक, श्वेता अदलखा, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र हाड़ा, पुष्पदयाल मीणा, योगेश गौतम, राहुल नागर, जितेंद्र गोयल सहित जिले भर के पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नायक जाति के संबंध में राजस्थान सरकार ने अनेक विसंगतियां खड़ी कर दी - भंवरलाल नायक

## - 4 जून को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के साथ करेंगे आंदोलन की शुरुआत



चूरू (रॉयल पत्रिका)। नायक समाज विकास संस्था जयपुर के तत्वावधान में यूथ होस्टल जयपुर में प्रदेश अध्यक्ष राजाराम की अध्यक्षता में तथा अखिल भारतीय नायक विकास महापरिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष भंवरलाल नायक के मुख्य आतिथ्य में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में नायक समाज के साथ सरकार द्वारा जातीय वर्गीकरण में उत्पन्न की गई विसंगतियों को दूर करने के लिए किये गए प्रयासों की समीक्षा की गई। नायक समाज विकास संस्था के प्रदेश अध्यक्ष राजाराम ने कहा कि राजस्थान में नायक समाज के अनेक संगठनों के द्वारा पिछले अनेक वर्षों से भाजपा और कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को ज्ञापन दिए गए किंतु विसंगतियां दूर करने के लिए सरकार के द्वारा कुछ भी नहीं किया गया। बतौर मुख्य अतिथि महापरिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष भंवरलाल नायक ने नायक समाज विकास संस्था की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नायक जाति के संबंध में राजस्थान सरकार के द्वारा अनेक विसंगतियां खड़ी कर दी गई हैं। इन विसंगतियों को दूर करने के लिए राजस्थान में महापरिषद का पूर्ण सहयोग रहेगा। बैठक में निर्णय लिया गया है कि एक माह से अधिक समय तक सरकार के द्वारा दिए गए अश्वासनों की प्रतीक्षा के बाद 4 जून को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के साथ आंदोलन की शुरुआत की जायेगी।आंदोलन में राजस्थान सहित पूरे भारत से नायक समाज आमंत्रित हैं। राजस्थान और भारत के नायक समाज के समर्थन और सहयोग की अपेक्षा रहेगी। आंदोलन में चंदा नहीं लिया जायेगा। आंदोलन में भाग लेने वाली टीम अपना खर्चा खुद उठायेगी। आयोजन समिति के सदस्य बनने के लिए संयोजक राजाराम से संपर्क कर सकते हैं। आंदोलन के माध्यम से नायक की जातीय विसंगतियों को दूर करने के लिए मांग की जायेगी कि नायक समाज को ओ बी सी की सूची से दूर करने हेतु सूची के क्रम संख्या 91 से भोपा नायक नाम विलोपित किया जाना चाहिए। क्योंकि भोपा कोई जाति नहीं होती है। अनुसूचित जाति की सूची में क्रम संख्या 57 से नायक जाति का नाम विलोपित किया जाना चाहिए। घुमक्कड़ जातियों की सूची से नाईक शब्द को संशोधित करके नायक किया जाना चाहिए। चूंकि नायक जाति मूल रूप से जनजाति है और राजस्थान में नायक जाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में क्रम संख्या 10 पर लिखा गया है। उस सूची से नायक जनजाति के अपमानजनक नाम विलोपित किये जावें।

# अनिल चोपड़ा का भव्य स्वागत

## -युवा कांग्रेस के नेता का महवा में जोरदार अभिनंदन



**शफीक अली**

महवा (रॉयल पत्रिका)। महवा में मंगलवार को यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रत्याशी अनिल चोपड़ा का जयपुर से भरतपुर जाते वक्त जिला अस्पताल के सामने जोरदार स्वागत किया गया। यूथ कांग्रेस विधानसभा प्रत्याशी नेता समलेटी के नेतृत्व में माला व साफा पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान नसीराबाद से विधान सभा प्रत्याशी शिवप्रकाश सिंह गुर्जर का भी स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में पार्षद प्रतिनिधि आसिफ महवा, यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मनी समलेटी, फारूक सैफी, गोपाल महावार, मुबारक खान, लेखराज बैरवा, फरीद मंसूरी, गोलू समलेटी, सत्येंद्र समलेटी, रोनित, चिंटू बोराज, साबिर खान सहित कई लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर अनिल चोपड़ा ने कहा कि वे युवा कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए काम करेंगे और युवाओं के मुद्दों को उठाएंगे। उन्होंने कहा कि वे महवा के विकास के लिए काम करेंगे और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे। शिवप्रकाश सिंह गुर्जर ने कहा कि वे नसीराबाद के विकास के लिए काम करेंगे और लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि वे युवाओं के साथ मिलकर काम करेंगे और उन्हें आगे बढ़ने में मदद करेंगे। स्वागत समारोह के दौरान लोगों ने अनिल चोपड़ा और शिवप्रकाश सिंह गुर्जर के समर्थन में नारे लगाए और उन्हें जीत की बधाई दी। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि वे अनिल चोपड़ा और शिवप्रकाश सिंह गुर्जर के साथ हैं और उन्हें जीत दिलाएंगे।

# ऑल युवा मुस्लिम सेवा संस्थान ने नशा मुक्ति को लेकर एसपी को सौंपा ज्ञापन

**मोहम्मद अली पठान**



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर ऑल युवा मुस्लिम सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने जिला पुलिस अधीक्षक को शहर में बढ़ते नशे जैसे चिट्टा, चरस, गांजा, अफीम, एमडी व कई नशीले मादक पदार्थों के खिलाफ तत्काल कार्यवाही करने के लिए ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर ऑल युवा मुस्लिम सेवा संस्थान के जिलाध्यक्ष संजय खान घांघु ने बताया कि गत 4-5 वर्षों में ये जो चिट्टा नामक नशीला केमिकल है, जो 15 से 20 वर्ष के युवाओं में काफी तेजी से फैल रहा है। कई जगह शहर में खुलेआम बेचे जाने की वजह से काफी युवा इसकी चपेट में आ चुके हैं । कई बच्चें पैसे की चाह में तस्करी कर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। नशे के आदि बच्चें चोरियां करना, घरवालों से मारपीट एवं आए दिन झगड़ा फसाद व किसी भी हद तक जाने को तैयार हो जाते हैं। पिछले 6-7 महीनों से हमारी ऑल युवा मुस्लिम सेवा संस्थान ने नशे के खिलाफ मुहिम चला रखी है। जहां तक के हमने देखे है, ये जो चिट्टा, गांजा, चरस, एमडी आदि समाज को खोखला कर रहा। पुलिस चिटा व्यापार करने वालो के खिलाफ कार्रवाई कर मासूम बच्चों को नई जिन्दगीं प्रदान करने में सार्थी बने। इस अवसर पर बाबू इस्माईल, महमूद खान, आसिफ खान, ईमरान खान, जावेद खान, अनीश खान, इशाक खान, नासिर खान, आसिफ सोलंकी, फारूक खान, आदिल खान, मोहसिन खान, सोहेल गांधी, निजामुदीन खान, रसीद खान व पिंटू आदि सहित संस्थान के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर उदयपुर में अल्पसंख्यक मोर्चा का स्वच्छता अभियान



उदयपुर। भाजपा जिला अध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ के निर्देशानुसार पार्टी के 47 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत दिनांक 07 अप्रैल 2026 मंगलवार को मुखर्जी चौक सब्जी मंडी में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया मण्डी परिसर में झाड़ू लगाकर कचरा को साफ किया गया। इस अवसर पर जिला महा मंत्री पारस सिंघवी ने पार्टी के स्थापना दिवस पर प्रकाश डाला और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम के प्रभारी देवेंद्र साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान की जानकारी दी। कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा शहर जिलाध्यक्ष अख्तर सिद्दीकी, महामंत्री इकबाल खान, मोहम्मद इम्तियाज, गुड् बाबा, मोहम्मद हारुन शेख, मंडल अध्यक्ष चांद मोहम्मद, मुख्तियार शाह, उपाध्यक्ष युसूफ मंसुरी, आदि उपस्थित रहे।

# संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का हो गुणवत्तापूर्ण निस्तारण - अभिषेक सुराणा




चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर सुराणा ने संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी संपर्क पोर्टल प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कर परिवादियों को संतुष्टि करें। विभागीय अधिकारी प्रयास करें कि प्राथमिक स्तर पर ही परिवादों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो जाए। इसी के साथ संतुष्टि वाले प्रकरणों में वेरिफिकेशन कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। बजट घोषणाओं की हो समयबद्ध क्रियान्विति जिला कलक्टर ने जिले में बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की चर्चा करते हुए कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारी बजट घोषणाओं के कार्यों की नियमित मॉनीटरिंग करें तथा समयबद्ध क्रियान्विति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं में भूमि आवंटन सहित आवश्यक कार्यवाही यथाशीघ्र पूर्ण करें तथा समुचित क्रियान्विति के लिए कार्ययोजना बनाकर काम करें। उन्होंने बजट घोषणा 2026-27 अंतर्गत आरयूबी व आरओबी कार्यों, सड़क निर्माण कार्यों तथा अन्य विकास कार्यों पर चर्चा की।

# जमीयतुल राईन विकास समिति, कोटा का अजीमुश्शान इजलास सम्पन्न




कोटा (रॉयल पत्रिका)। राईन बिरादरी की और से आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में तकरीबन 1800 लोग शामिल हुए। इस प्रोग्राम में राईन समाज की डॉक्टर ज़ोया नौरीन को बीडीएस डिग्री हासिल करने पर सम्मानित किया गया, साथ ही बिरादरी के हाफ़िज़, आलीमा, होनहार तलाबाओ के साथ साथ बुजुर्ग नागरिक और कई शहरों से तशरीफ़ लाये मेहमानों का भी एजाज़ किया गया। शहर काजी साहब की मौजूदगी में तमाम लोगो बिरादरी में तीजा और चालीसवाँ जैसी रस्मों को बंद करने का अहद लिया। इसी के साथ नवम्बर माह में 20 जोड़ो का नि:शुल्क सम्मेलन का भी आगाज़ भी किया गया।

# मुख्यमंत्री से नरेगा के कार्य शुरू करने की मांग - जागरवाल

**मोहम्मद यासीन**



पाली (रॉयल पत्रिका)। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला अध्यक्ष मदन सिंह जागरवाल ने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं जिला कलेक्टर, पाली को पत्र व फैक्स भेजकर जिले में मनरेगा (नरेगा) के कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग की है। जागरवाल ने अपने पत्र में बताया कि पाली जिले सहित पाली विधानसभा क्षेत्र में पिछले कई महीनों से नरेगा के कार्य बंद पड़े हैं, जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। जागरवाल ने कहा कि वर्तमान समय में रबी की फसल कट चुकी है, जिससे किसानों एवं मजदूरों के पास आय का कोई साधन नहीं बचा है। इस स्थिति के चलते बड़ी संख्या में लोग रोजगार की तलाश में अन्य राज्यों की ओर पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं। जागरवाल ने जिला प्रशासन से मांग की कि सभी पंचायतों के गांवों में तत्काल प्रभाव से नरेगा के कार्य स्वीकृत कर शुरू किए जाएं, ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सके और उनका पलायन रोका जा सके। साथ ही इस वर्ष नरेगा के तहत तालाब खुदाई के स्थान पर गांवों व ढाणियों में ग्रेवल सड़क निर्माण कार्य को प्राथमिकता दी जाए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का भी विकास हो सके। जागरवाल ने बताया की नरेगा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार का एक महत्वपूर्ण साधन है तथा इसके सुचारू संचालन से आमजन को आर्थिक संबल मिलेगा। साथ ही प्रशासन से इस विषय में शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की अपेक्षा जताई है।

## सूचना

**समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।**

# फराज अहमद असम विधानसभा चुनाव में पर्यवेक्षक की भूमिका में सक्रिय

## -चेनगा विधानसभा सहित कई विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में जोरदार प्रचार

**शफीक अली**



महवा/दौसा (रॉयल पत्रिका)। असम विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में जोरदार प्रचार कर रहे हैं दौसा कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष फराज अहमद। वे असम की चेनगा विधानसभा सहित कई विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में जनसभाएं कर रहे हैं और मतदाताओं से समर्थन मांग रहे हैं। फराज अहमद ने कहा कि वे विकास, सामाजिक सौहार्द और कांग्रेस की नीतियों को लेकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही असम के विकास और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा दे सकती है। फराज अहमद ने कहा कि वे असम विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत के लिए काम कर रहे हैं और पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में जोरदार प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी सहित पार्टी के कई बड़े नेताओं से मुलाकात कर चुनाव की रणनीति पर चर्चा कर रहे हैं। इस दौरान फराज अहमद ने कहा कि वे असम के लोगों को कांग्रेस पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे लोगों को कांग्रेस पार्टी की नीतियों और विकास के एजेंडे से जागरूक कर रहे हैं। फराज अहमद की इस पहल की सराहना करते हुए अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि फराज अहमद की इस भूमिका से असम विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि फराज अहमद की इस पहल से असम के लोगों में कांग्रेस पार्टी के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। इस दौरान फराज अहमद ने असम विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में जोरदार प्रचार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वे असम के लोगों के साथ मिलकर कांग्रेस पार्टी की जीत के लिए काम करेंगे।

# जिले के न्यायिक अधिकारियों ने ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे, नेविगेटिंग लाइफ लीगली के तहत साइबर अपराधों की रोकथाम के संबंध में किया जागरूकता शिविरों का आयोजन

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार साइबर सुरक्षा: 'जागरूकता, संरक्षण और न्याय तक समावेशी पहुंच' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान राजस्थान के विद्यालयों में विधिक साक्षरता और संवेदीकरण कार्यक्रम के तहत सवाई माधोपुर न्यायक्षेत्र के न्यायिक अधिकारियों द्वारा ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे, नेविगेटिंग लाइफ लीगली के तहत जिले के विभिन्न विद्यालयों में साइबर अपराधों की रोकथाम के संबंध में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। आयोजित विधिक जागरूकता शिविरों में कुल 2309 छात्र-छात्राएं लाभान्वित हुए। जिला मुख्यालय सवाई माधोपुर पर देवेन्द्र दीक्षित, जिला एवं सेशन न्यायाधीश सवाई माधोपुर द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मानटाउन में, राजेन्द्र शर्मा न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय द्वारा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय खिलचीपुर में, मीनाक्षी जैन विशेष न्यायाधीश पोक्सो न्यायालय संख्या-01 द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आलनपुर में, सुन्दरलाल बंशीवाल न्यायाधीश मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मानटाउन में, असीम कुलश्रेष्ठ न्यायाधीश विशिष्ट न्यायालय अजा/अजजा (अ.नि.) प्रकरण द्वारा गीतादेवी अग्रवाल राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय आदर्शनगर में, प्रियंका पारीक अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश द्वारा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय साहूनगर में, समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल सूरवाल में, आशुतोष सिंह आढ़ा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सवाई माधोपुर द्वारा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय हाउसिंग बोर्ड में, गार्गी चौधरी अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शेरपुर खिलचीपुर में, किरण प्रजापत अति. सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या-01 द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जीनापुर में, अनिता राजवानियां अति. सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या-02 द्वारा पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (72 सीढ़ी स्कूल) शहर सवाई माधोपुर में,



अंकिता सिंघल प्रिंसीपल मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरवाल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर उपस्थित विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को रालसा (साइबर अपराधों से पीड़ित व्यक्तियों को विधिक सेवाएं) योजना 2026, डिजिटल अरेस्ट, ई ट्रेडिंग संबंधी ठगी, बैंकिंग फ्रॉड, फर्जी लोन एप, ऑनलाईन रोजगार के झूठे दावे, ऑनलाईन गेमिंग, साइबर बुलिंग, ऑनलाईन सेक्सटॉर्शन, लॉटरी एवं लक्की ड्रॉ आदि के माध्यम से ठगी के तरीकों एवं उनसे बचाव के उपायों टू स्टेप वैरिफिकेशन, संचार साथी एप, चक्षु एप, ई स्केन बोट एप, एम कवच टू एप, टैफकॉप, साइबर क्राइम हेल्पलाईन नंबर 1930 आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

इसी प्रकार तालुका गंगापुर सिटी पर अखिलेश कल्याण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या-01 गंगापुर सिटी द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगापुर सिटी में, रेशमा खान अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या-02 गंगापुर सिटी द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय महूकलां में, मीनाक्षी चौधरी अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गंगापुर सिटी द्वारा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मिर्जापुर में, सुनिता यादव सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट गंगापुर सिटी द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय छावा में, मनीषा कुमारी न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय द्वारा पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगापुर सिटी में तथा तालुका बौंली पर विकास नेहरा, अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बौंली द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बौंली में, तालुका बामनवास पर अंशिका दिनकर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट बामनवास द्वारा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पिपलाई में तथा हेमन्त मेहरा सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट चौथ का बरवाड़ा द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चौथ का बरवाड़ा में साइबर अपराधों की रोकथाम के संबंध में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन कर उपस्थित विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को बताया गया कि कम्प्यूटर, मोबाईल, डिजिटल उपकरणों का उपयोग करते समय सावधानी बरतनी चाहिए। किसी अनजान नंबर से भेजे गए लिंक, फाईल आदि पर क्लिक करने से बचना चाहिए। अनजान नंबर से भेज गए लिंक, फाईल पर क्लिक करने से आमजन ठगी का शिकार हो सकते है, साथ ही आमजन की निजी जानकारी का दुरूपयोग होकर उनकी सुरक्षा को खतरा हो सकता है। आजकल आपराधिक किस्म के लोग जल्दी पैसा कमाने के लालच में आमजन को साइबर ठगी का शिकार बना रहे हैं। शिक्षा के अभाव में एवं साइबर अपराधों के बारे में जानकारी नहीं होने के कारण लोग साइबर ठगी का शिकार बन रहे है। आमजन को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के संबंध में जागरूक रहने की आवश्यकता है।

### भाजपा ने मनाया स्थापना दिवस

## जिला कार्यालय को सजाया रंगोली और फूल मालाओ से, जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने फहराया पार्टी का झंडा

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस समारोह आज जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया । भाजपा जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य एवं भाजपा प्रबुद्धजन प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजेन्द्र सिंह शेखावत उपस्थित रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ पर अतिथियों ने जिला कार्यालय पर पार्टी का झंडा फहराया उसके बाद संगोष्ठी आयोजित हुई। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने पार्टी के इतिहास और विकास यात्रा पर प्रकाश डाला, उन्होंने कहा कि हम उस पार्टी के कार्यकर्ता जिसका ध्येय गरीब कल्याण एवं अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति को सरकार की जनकल्याण योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, मानसिंह गुर्जर ने कहा कि हमारी पार्टी आज के समय में विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनकर आम जनता के बीच उभरी है और हमें गर्व है कि हम



पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय योजना के सपने को साकार कर रहे है । संगोष्ठी को मुख्य वक्ता राजेन्द्र सिंह शेखावत ने भी संबोधित किया उन्होंने कहा कि हम उस पार्टी के कार्यकर्ता है जिसको डॉ. श्यामप्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे सादगीपूर्ण लोगों ने खड़ा किया, आज उनके संघर्ष का परिणाम है हमारा राजनैतिक दल विश्व का सबसे बड़ा दल माना जाता है । उन्होंने स्थापना दिवस के अवसर पर स्व. भैरोसिंह शेखावत की जीवनी एवं उनके आमजन से सादगीपूर्ण व्यवहार पर भी प्रकाश डाला, उन्होंने कहा कि पार्टी का 47वाँ स्थापना दिवस हम बड़े ही हर्ष के साथ मना रहा रहे है, पूरे देश में करोड़ों कार्यकर्ता आज अपने अपने घरों पर झंडा लगाकर सोशल मीडिया पर सेल्फी अभियान चला रहे है, पार्टी कार्यालयों को बेहतरीन ढंग से रंगोली, पोस्टर बैनर एवं फूल मालाओं से सजाया गया है । संगोष्ठी कार्यक्रम में राष्ट्रीय परिषद सदस्य ओमप्रकाश डांगोरिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केदारलाल मीणा, प्रदेश कार्यालय सहप्रभारी देवेन्द्र कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंगलाल जाट, सुरेशचंद जैन, डॉ. भरतलाल मथुरिया, नगर सभापति शिवरतन अग्रवाल, खंडार प्रधान नरेंद्र चौधरी, गंगापुर प्रधान मंजू गुर्जर मंचासीन रहे ।

## सहायक उपनिरीक्षक बने परमसुख शर्मा का हुआ भव्य स्वागत

पाली (रॉयल पत्रिका)। सहायक उपनिरीक्षक (ASI) पद पर चयनित होने पर परमसुख शर्मा का अखिल भारतीय गुर्जरगौड़ ब्राह्मण भवन ट्रस्ट, जिला सभा एवं युवक संघ के संयुक्त तत्वावधान में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोगों ने साफा एवं माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। भवन ट्रस्ट के महामंत्री सुनील जोशी ने बताया कि परमसुख शर्मा की यह सफलता समाज के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। उनके इस पद पर चयन से समाज का गौरव बढ़ा है तथा अन्य युवाओं को भी



शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रेरणा मिलेगी। इस कार्यक्रम में जिला सभा अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी, युवक संघ महामंत्री मनोहर पंचारिया, मूलचन्द उपाध्याय, बनवारीलाल शर्मा, अशोक जोशी, अमित शर्मा, अरुण जोशी सहित अनेक समाज बंधु उपस्थित रहे।

## मंसूरी इज्तिमाई शादी सम्मेलन 18 अक्टूबर को होगा आयोजित

**मोहम्मद यासीन**

कपासन (रॉयल पत्रिका)। प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह सा. र.अ. की दरगाह शरीफ पर उदयपुर संभाग का दूसरा मंसूरी इज्तिमाई शादी सम्मेलन 18 अक्टूबर, रविवार को होगा जिसके पोस्टर का विमोचन किया गया। मंसूरी एजुकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी उदयपुर के सदर अब्दुल लतीफ मंसूरी के अनुसार सम्मेलन में दूल्हा-दुल्हन दोनों से इक्कीस-इक्कीस हजार रुपये रजिस्ट्रेशन फीस ली जाएगी। एवम् फॉर्म जमा कराने की आखिरी तारीख 13 सितम्बर होगी। सोसायटी के सचिव जाहिद मोहम्मद मंसूरी के अनुसार बाबा हुजूर की दरगाह शरीफ स्थित अहमद कबीर मन्जिल में यह प्रोग्राम ताजुल औलिया हजरत डॉ. सय्यद जलालुद्दीन अशरफ अशरफी उर्फ कादरी मियां किछौछवी सरबराहे आला मखदूम



अशरफ मिशन के जेरे कयादत में होगा। सम्मेलन के मीडिया प्रभारी एवम् पंच मंसूरियांन के सदर मोहम्मद अब्बास अशरफी के अनुसार इस पोस्टर विमोचन के मौके पर पूर्व उपसरपंच सांवलिया, हाजी आजाद हुसैन, यूसुफ भाई नाथुद्वारा, एडवोकेट शरीफ मोहम्मद भीमगढ़, मोहम्मद शकूर मंसूरी कोटड़ी, आजाद हुसैन मंसूरी बड़ी सादड़ी वाले, मुंशी भाई, सलीम रजा उदयपुर, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष हाजी अब्दुर्रहमान मंसूरी, कांग्रेस मिडिया के अकरम मंसूरी के साथ ही कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने किया खवांजना चौड एवं डूंगर स्कूल का निरीक्षण

### -विद्यालय में प्रवेशोत्सव अभियान, डोर टू डोर सर्वे एवं योजनाओं की जानी प्रगति

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। ग्राम पंचायत मुख्यालय खवांजना चौड एवं खवांजना डूंगर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों का मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी (सीडीईओ) मीना लसाडिया एवं सहायक निदेशक समग्र शिक्षा कालूराम बैरवा ने निरीक्षण कर प्रवेशोत्सव अभियान एवं डोर टू डोर सर्वे सहित अन्य योजनाओं की प्रगति जानी एवं शिक्षकों से संवाद कर आ रही समस्याओं तथा नामांकन बढाने के साथ ही शत प्रतिशत प्रगति लाने के लिए संबलन प्रदान किया। सीडीईओ ने खवांजना चौड विद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का माला पहना एवं शिक्षण सामग्री प्रदान कर स्वागत भी किया। खवांजना चौड प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र गुप्ता, ममता मीना, प्रभारी सुनिता कोठ्यारी ने पीईईओ क्षेत्र में अभियान की प्रगति की जानकारी दी। सीडीईओ ने प्रवेशोत्सव के



तहत किए जा रहे डोर टू डोर सर्वे में शिक्षकों की लगाई गई ड्यूटी, किए जा रहे सर्वे को शिक्षक एप पर ऑनलाइन किए जाने की प्रगति तथा कोई घर सर्वे से वंचित नहीं रहे के संबंध में जानकारी ली। सीडीईओ ने सभी ड्राप आउट एवं अनामांकित पात्र विद्यार्थियों को विद्यालय या आंगनबाडी केन्द्र में प्रवेश दिलाने की प्रगति जांची। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण किए जाने तथा पोशाहार की गुणवत्ता की जांच की। शिक्षकों से संवाद कर अभियान की प्रगति जांची एवं आ रही समस्याओं के संबंध में निर्देश दिए। सीडीईओ एवं सहायक निदेशक ने 1 अप्रैल से शुरू हुए नवीन सत्र के संबंध में विद्यार्थियों एवं अभिभवकों से भी फीडबेक लिया। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि अभिभावकों को राजकीय विद्यालयों का श्रेष्ठ एवं गुणवत्ता पूर्ण परीक्षा परिणाम, विभिन्न लाभकारी योजनाओं सहित अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी देकर विद्यार्थियों का प्रवेश राजकीय विद्यालयों में करवाने के लिए प्रेरित करें। इसी प्रकार खवांजना डूंगर में भी उन्होंने अभियान की प्रगति जांची एवं आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

## रमेश कुमार राठी अधीक्षण अभियंता जलदाय विभाग का पद ग्रहण करने पर चूरू नल मजदूर यूनियन इंटक द्वारा स्वागत किया गया

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर आपणी योजना स्थित कार्यालय अधीक्षण अभियंता के पद पर रमेश कुमार राठी स्थानांतरण होकर आने पर पद ग्रहण किया। कार्यालय में नल मज़दूर युनियन ईंटक के जिला अध्यक्ष संजय कुमार गुर्जर, अयूब खान, पुष्कर दत्त शर्मा, कुंदन सैनी, जेईएन संजय कुमार द्वारा फूल माला



पहनाकर स्वागत किया गया। इंटक अध्यक्ष ने कहा आपके आगमन से हमारे विभाग को एक नई ऊर्जा और अनुभवी नेतृत्व मिला है। पदोन्नति के साथ उच्च पद पर आपकी नियुक्ति आपकी कार्यकुशलता और समर्पण का प्रमाण है। हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके मार्गदर्शन में यह विभाग सफलता के नए आयाम स्थापित करेगा। आपके उज्ज्वल कार्यकाल हेतु हार्दिक शुभकामनाएँ देते हैं।

## नि:शुल्क यूनानी चिकित्सा पद्धति परामर्श शिविर का आयोजन सम्पन्न हुआ

कैथून (रॉयल पत्रिका)। दरगाह हज़रत मलंग शाह चौक, गादीगाल, कैथून ,कोटा में यूनानी व आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति परामर्श शिविर दिनांक 07 अप्रैल, मंगलवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया गया। इस शिविर में 74 रोगी को उपचार दिया गया। डॉ. राज़िक हुसैन ने बताया है कि यूनानी चिकित्सा पद्धति में प्रत्येक मरीज के व्यक्तिगत मिज़ाज के हिसाब से रोगों का उपचार होता है, इस पद्धति में उपचार के चार मुख्य तरीके इलाज-बिल-तदबीर (Regimental Therapy), इलाज-बिल-गिज़ा (Diet Therapy), इलाज-बिल-दवा (Pharmacotherapy),



इलाज-बिल-यद (Surgery) हैं। इस निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर में डॉ. राजिक हुसैन, डॉ. ज़ीनत, राहिल हुसैन, नवाज़िश अजीजी, नीलू अंसारी, खुशनुर, नूरानी ने अपनी सेवाएं दी। जिसमें गर्दन दर्द, कमर दर्द , पीठ दर्द, कन्धे दर्द, जोड़ दर्द, घुटनों में दर्द, साइटिका, गठिया, स्लिप डिस्क, पथरी, बवासीर, अस्थमा, पुरुष व स्त्री रोग, बालों का झड़ना, चर्म रोग एवं मौसमी बीमारियों का निःशुल्क उपचार व औषधियां वितरित की गयी। इसके साथ ही हिज़ामा थैरेपी (कपिंग थैरेपी) तथा मसाज थैरेपी भी की गई ।

## चौहान नगरपालिका कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने



चूरु (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर चूरू नगरपरिषद में राजस्थान नगरपालिका कर्मचारी फैडरेशन के सम्पन हुए चुनावों में चूरू जिले के नगरपालिका कर्मचारी फैडरेशन अध्यक्ष पद पर नगरपालिका रतननगर के वरिष्ठ सहायक मनोहर सिंह चौहान को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारी रिछपाल सिंह चौधरी, आयुक्त अभिलाषा सिंह, अधिशाषी अभियन्ता संरक्षिका पूर्णिमा यादव, संरक्षक इरफान अली, सुनील कुमार सोनी एवं फैडरेशन के अन्य सदस्यगण भी चुनाव प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहे। निर्वाचन के पश्चात वक्ताओं ने प्रमुख रूप से जिलेभर में संगठन को मजबूत बनाये जाने की बात पर बल दिया। इस दौरान जिला अध्यक्ष चौहान ने कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं का निदान करने का भरोसा दिलाया एवं साथ ही प्रदेश की नगरीय निकायों में कर्मचारियों के लिए कर्मचारी समस्या समाधान केन्द्र खुलवाने हेतु राज्य सरकार से पत्राचार किये जाने की आवश्यकता जताई। संचालन कमलेश कुमार मील ने किया।

## पालनहार योजना बनी दिव्यांग अमजद के बच्चों के लिए संबल

### -दिव्यांग अमजद को मिल रही सामाजिक सुरक्षा पेंशन, स्कूटी व अनुदान योजना का भी मिला लाभ

चूरू (रॉयल पत्रिका)। सरकार की योजनाएं जब सही पात्र तक पहुंचती हैं, तो वे न केवल आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाती हैं, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों को मुख्यधारा से जोड़कर सशक्त भी करती हैं। ऐसा ही एक वाक्या है कि चूरू जिले के सुजानगढ़ के वार्ड नंबर 15 निवासी अमजद और उनकी पत्नी यासमीन, दोनों दिव्यांग होने के बावजूद आज सम्मानजनक और आत्मनिर्भर जीवन जी रहे हैं। यह संभव हो रहा है, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संवेदनशील नेतृत्व व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के कारण। दिव्यांग अमजद बताते हैं कि उन्हें सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत प्रतिमाह 2500 रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त हो रही है। वहीं उनके तीन बच्चों को पालनहार योजना के अंतर्गत 4500 रुपये प्रतिमाह मिल रहे हैं। इस प्रकार परिवार



को कुल 7000 रुपये की नियमित आर्थिक सहायता मिल रही है। इस सहायता से उनके बच्चों का पालन-पोषण एवं शिक्षा सुचारू हो पा रही है। अमजद बताते हैं कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उनकी स्वयं की परचून की दुकान है और इससे वह अपनी आजीविका चला रहे हैं। वह बताते हैं कि उन्हें मुख्यमंत्री निःशक्तजन स्वरोजगार योजना के तहत 50,000 रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ, जिससे उन्होंने अपना स्वरोजगार शुरू किया और आज वे आत्मविश्वास के साथ अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। वह बताते हैं कि उन्हें राज्य सरकार की स्कूटी योजना के अंतर्गत अमजद को स्कूटी प्रदान की गई है, जिससे उनके दैनिक आवागमन में सुविधा हुई और रोजगार संचालन में भी आसानी हुई है। अब उन्हें अपनी दुकान तक पहुंचने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ता। अमजद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताते हुए कहते हैं कि उनका परिवार राज्य सरकार की योजनाओं से संतुष्ट हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं ने उनके जीवन में नई उम्मीद और आत्मविश्वास का संचार किया है।

## पुराने शहर में ट्रैफिक जाम से निजात पाने के लिए पुलिस प्रशासन एवं व्यापारियों की मीटिंग आयोजित

सवाईमाधोपुर (रॉयल पत्रिका)। सवाई माधोपुर शहर की पुरानी सिटी में आए दिन रोज जाम की स्थिति बन जाती है उससे निजात पाने के लिए पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रयी के निर्देशन पर पुलिस प्रशासन एवं व्यापार संघ के पदाधिकारी की मीटिंग शहर कोतवाली में CI मदन लाल मीणा की अध्यक्षता मेंआयोजित की गई जिसमें पुरानी शहर में लगने वाले जाम के कारणों की विस्तृत चर्चा की गई। चर्चा में पाया गया कि बाजार में जाम लगने के मुख्य कारण सिटी बसों की व्यवस्था, अनियमित वाहनों की पार्किंग, स्कूल बस संचालको द्वारा बड़ी बस का उपयोग करना, बाजार में दुकानदारों द्वारा फुटपाथ, सड़क पर सामान रखना, शनिवार को मिर्च मंड़ी हाट बाजार का अव्यवस्थित लगना, स्थायी रूप से बाजार में दुपहिया, तिपहिया,



चौपया वाहनों की पार्किंग, पुरानी सिटी में भेरू दरवाजा तक बड़ी बसों की अवैध पार्किंग इत्यादि है। इन समस्याओं का निस्तारण करके जाम से छुटकारा पाया जा सकता है इस हेतु सभी व्यापारिक भाइयों ने अपनी सहमति प्रदान करते हुए पुलिस प्रशासन को सहयोग का आश्वासन दिया। प्रशासन द्वारा आमजन एवं व्यापारिक भाइयों से अपील की गई है कि वह अपने वाहन आड़े टेड़े ना लगाए, व्यापारी बंधु सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण न करें,बस वाले बस निर्धारित स्थान पर ही सवारी को बिठाये साथ ही शनिवार को लगने वाले हटवाडा (मिर्च मंडी हाट बाजार) में व्यापारियों को व्यवस्थित तरीके से बैठने के लिए समझाया जाएगा। प्रशासन द्वारा पहले 3 दिन सभी व्यापारियों एवं आमजन को समझाया जाएगा उसके पश्चात उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में थाना कोतवाली इंचार्ज मदन लाल मीणा, ट्रैफिक इंस्पेक्टर राकेश शर्मा, शहर चौकी इंचार्ज हरलाल, वस्त्र व्यापार समिति अध्यक्ष राजेश कुमार गोयल, महामंत्री रूपेश नामा, अध्यक्ष किरना व्यापार संघ नरेंद्र मोहन चौधरी, सिटी बस यूनियन अध्यक्ष अतीक भाई, जाकिर भाई, कृष्ण मुरारी गुप्ता, समाजसेवी आचार्य लोकेंद्र शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार विजय तालचिड़िया, रमेश चंद पंसारी, पत्रकार अभिनव अग्रवाल इत्यादि गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## मतदान दिवस पर श्रमिकों को संवैतनिक अवकाश के निर्देश

बारां। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा केन्द्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के विधानसभा आम चुनाव के लिए घोषित मतदान तिथि 9 अप्रैल को मताधिकार का उपयोग करने के लिए श्रमिकों को संवैतनिक अवकाश दिया जाएगा। कार्यवाहक जिला कलक्टर भंवरलाल जनागल ने बताया कि व्यावसायिक एवं औद्योगिक उपक्रम मतदान दिवस के दिन उनके संस्थान में कार्यरत जिले के कार्मिक, श्रमिक अथवा मजदूर जो पुडुचेरी के विधानसभा के पंजीकृत मतदाता हैं, उन्हें मतदान का प्रयोग करने के लिए मतदान दिवस 9 अप्रैल को संवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाना सुनिश्चित करें। यदि कोई नियोजक मतदान के दिन कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य संस्थान में नियोजित व्यक्ति को मतदान के दिन संवैतनिक अवकाश नहीं देता है तो उसके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 (ख) के अनुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# राजकीय सेठ लक्ष्मी नारायण बागला बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय चूरू में विधिक जागरूकता क्लब का कार्यक्रम आयोजित




चूरू (रॉयल पत्रिका)। राजकीय सेठ लक्ष्मी नारायण बागला बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय चूरू में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू की ओर से साइबर अपराधों पर रोकथाम विषय पर कार्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय न्यायाधीश श्रीमती योगिता पारीक थी। मंच पर उनके साथ प्राचार्य मुकुल भाटी, उप्राचार्य ज्योति मंगलयारा, श्रीमती शशि शक्तावत थे। सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। विद्यालय के विधिक जागरूकता क्लब द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्लब प्रभारी श्रीमती दमयंती शर्मा ने गत वर्ष क्लब के कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। उप प्राचार्य समिति ज्योति मंगलयारा ने क्लब द्वारा आयोजित की जाने वाली आगामी गतिविधियों के बारे में बताया। न्यायाधीश श्रीमती योगिता पारीक ने नए-नए तरीके से किए जाने वाले साइबर अपराधों के बारे में और उनसे बचने के उपाय के बारे में बताया। इस विषय में उन्होंने छात्राओं से वार्तालाप भी किया। उनकी जिज्ञासाओं के जवाब भी दिए। प्रधानाचार्य मुकुल भाटी ने सबका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मोबाइल का समुचित उपयोग हमें साइबर अपराधों से बचा सकता है। कार्यक्रम में शैलेश कुमार, शिवकुमार प्रजापत, रश्मि वशिष्ठ, सरिता मीना, नेहा झाझडिया, प्यारेलाल, मीनाक्षी जांदू, पूनम चोटिया, रविकांत शर्मा, तारा सन्नू चौधरी, रामप्रताप बुडानिया, अरविंद कुमार सोनी, विनोद कुमार, प्रबोधिनी शर्मा, रोहिताश मीणा, मोहम्मद सदीक खान, सलोनी सांखला, संतोष कलकल, मनीष पारीक, सुनीता मीणा, प्रमोद कुमार, अजय नीमेलिया, बजरंग और सन्नी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा स्वर्गीय मनोहर लाल गोयनका और राम प्रताप बुडानिया की ओर से प्रदत्त 50 स्कूल ड्रेस मैं से प्रतीकात्मक ड्रेस वितरित की। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण कुमार सैनी ने किया।

# वाईजीएन एजुकेशन ग्रुप द्वारा विद्यार्थियों का हुआ सम्मान समारोह

## -मेरिट में आए विद्यार्थियों का हुआ सम्मान




कोटा (रॉयल पत्रिका) । तक्षशिला एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल विज्ञान नगर में बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थियों जिसमें कक्षा 5वीं, 8वीं, 9वीं, 10वीं एवं 12वीं सफल विद्यार्थियों के लिए भव्य सम्मान समारोह मंगलवार को आयोजन किया गया। यह जानकारी वाई जी एन एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन अरशद अंसारी ने दी। उन्होंने बताया कि हमारी संस्था से इस वर्ष दो विद्याथी नभ्य चौधरी और साबरी मेरिट में आए है। इस अवसर पर सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को माला पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार परिणाम प्राप्त कर विद्यालय एवं वाई जी एन एजुकेशन ग्रुप का नाम गौरवान्वित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह एवं खुशी का माहौल रहा। विद्यार्थियों के चेहरे पर सफलता की खुशी साफ झलक रही थी। अरशद अंसारी ने विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं लगन की सराहना की तथा शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग को इस सफलता का मुख्य आधार बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सफलता उनके उज्ज्वल भविष्य की शुरुआत है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करते रहने और जीवन में उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया साथ ही सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

# शैक्षणिक कैलेंडर वर्ष में अवकाश में की गई कटौतियों के विरोध में राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत दौसा ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**शफीक अली**

महवा (रॉयल पत्रिका)। शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार के द्वारा हाल ही में जारी शिविरा पंचांग सत्र 2026 -27 में शैक्षणिक कैलेंडर वर्ष में अवकाश कटौती की गई है जिसके राजस्थान के सभी शिक्षक वर्ग में रोष है, क्योंकि इन आदेशों से शिक्षकों के साथ कुठाराघात किया जा रहा है और ये सरकार के आदेश अव्यवहारिक हैं। सरकार द्वारा शिक्षकों और व्याख्याताओं के रिक्त पदों को भरने के बजाय शिक्षकों की अवकाशों में कटौती करना सरकार की नाकामी को उजागर करती है। राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेश महासचिव तेजकरण मुण्डोतिया ने कहा कि इन की गई कटौतियों का राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत संगठन कडा विरोध करता है इसी क्रम में प्रांतीय आव्हान पर यहां दौसा जिले में कलेक्टर महोदय को जिला कार्यालय में ज्ञापन दिया गया, ज्ञापन में 1.प्रधानाचार्य घोषित अवकाश पूर्व की भांति 2 दिन यथावत रखे जाने, 2.ग्रीष्मकालीन अवकाश 17 मई से 30 जून तक किये जाने, 3.शीतकालीन अवकाश 26 दिसंबर से 10 जनवरी किये जाने हेतु राजस्थान शिक्षक संघ




एकीकृत के द्वारा राजस्थान सरकार से पुरजोर मांग की गई, क्योंकि प्रदेश की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए भीषण गर्मी के बीच छुट्टियों में कटौती का फैसला बच्चों के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर हो सकता है। राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि फैसला वापस नहीं लिया गया तो पूरे प्रदेश में सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रदेश कोषाध्यक्ष ऋषि राज यादव व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि आज भी हजारों शिक्षक गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगे हैं, स्कूलों में शिक्षकों और व्याख्याताओं के पद खाली हैं और भवन जर्जर स्थिति में हैं, शिक्षा की गुणवत्ता केवल स्कूल का समय या दिन बढ़ाने से नहीं, बल्कि विभाग के कामकाज में सुधार और पर्याप्त स्टाफ की नियुक्ति से होगी। तेजकरण मुण्डोतिया ने कहा कि तृतीय श्रेणी शिक्षकों के पिछले कई वर्षों से लंबित स्थानांतरण शुरू करने, तृतीय श्रेणी शिक्षकों की छः सत्रों से रुकी हुई डीपीसी के लिए न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर जल्द से जल्द डीपीसी करने, शिक्षकों और व्याख्याताओं के रिक्त पदों को भरने, शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने, जर्जर विद्यालय भवनों की मरम्मत और पुनः निर्माण करवाने हेतु भी राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत मांग करता है। इस अवसर पर यहां जिला महामंत्री निरंजन कुमार, मीडिया प्रभारी उमाशंकर मौर्य, कृष्ण यादव, अभिमन्यु यादव, रमेश चंद, राजेन्द्र यादव, संतोष बैरवा,एकीकृत महासंघ जिलाध्यक्ष तेजपाल चतुर्वेदी व सैंकड़ों उपस्थिति रहे।

# सालासर मंदिर में श्रद्धालुओं से बदसलूकी पर प्रशासन सख्त, एसडीएम ने थमाया हनुमान सेवा समिति को नोटिस




सालासर (रॉयल पत्रिका)। विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सालासर बालाजी मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ बाउंसरों द्वारा की जा रही मारपीट और अभद्र व्यवहार की घटनाओं को प्रशासन ने बेहद गंभीरता से लिया है। उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने इस संबंध में श्री हनुमान सेवा समिति को कड़ा नोटिस जारी कर दो दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। विगत दिवस सालासर मंदिर में हरियाणा के श्रद्धालुओं के साथ मंदिर में तैनात बाउंसरों द्वारा की गई कथित मारपीट एवं बदसलूकी के मीडिया में आई खबरों तथा सोशल मीडिया पर वायरल विडियो के बाद उपखंड अधिकारी ने अपने नोटिस में समिति की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। नोटिस में एसडीएम ने कहा कि बाउंसरों के ऐसे कृत्यों से सालासर मंदिर की पवित्र छवि खराब हो रही है। इन घटनाओं के कारण मीडिया और जनता द्वारा प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। नोटिस में एसडीएम ने पूछा है कि ये गार्ड और बाउंसर किस एजेंसी के माध्यम से नियुक्त किए गए हैं और उन्हें क्या निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा ने नोटिस में बताया है कि बाउंसरों द्वारा भक्तों के साथ किए जा रहे व्यवहार से व्यथित होकर आमजन अब मंदिर परिसर में पुलिस बल तैनात करने और व्यवस्थाओं को पूरी तरह प्रशासन के हाथ में लेने की मांग कर रहे हैं। प्रशासन ने हनुमान सेवा समिति को 02 दिन का समय दिया है। इस अवधि में समिति को बाउंसरों की नियुक्ति प्रक्रिया, एजेंसी का विवरण और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए किए गए सुधारों पर लिखित जवाब पेश करना होगा। एसडीएम ने स्पष्ट किया है कि व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार आवश्यक है, अन्यथा प्रशासन को कड़े कदम उठाने पड़ सकते हैं।

# हुज़ूर नसीरे मिल्लत ने किया हज़रत पीर ग़ुलामे नजम को अपना जानशीन (उत्तराधिकारी) मुन्तख़ब



फतेहपुर (रॉयल पत्रिका)। हुज़ूर शहंशाहे विलायत नजमुल औलिया ख़्वाजा हाजी मुहम्मद नजमुद्दीन सुलैमानी चिश्ती अल्फ़ारूक़ी रहमतुल्लाह के 160 वें उर्स मुबारक के मौके पर हुज़ूर नसीरे मिल्लत ने दरगाह शरीफ़ के ज़ाबते 1932 के ऐन मुताबिक बजरिये बैत, ख़िलाफ़त व वसीयत के, अपने शहज़ादा और मुरीदे रासिखुल यक़ीन हज़रत पीर ग़ुलामे नजम नजमी सुलैमानी चिश्ती अल्फ़ारूक़ी को इजाज़ते सिलसिला-ए-आलिया नजमिया सुलैमानिया चिश्तिया कादरिया सुहारवर्दिया नक़्शबंदिया अता फरमा कर अपना जानशीन (उत्तराधिकारी) और अपने बाद ख़ानक़ाहे आलिया नजमिया सुलैमानिया फ़ख़रिया निज़ामिया चिश्तिया बहिशतिया फ़तेहपुर का सज्जादानशीन व मुतवल्ली मुन्तख़ब व मुक़र्रर फ़रमाया। इस तक़रीबे सईद में बतौर मेहमाने ख़ुसूसी हज़रत पीर सय्यद मेहबुबुल आरफ़ीन साहिब निज़ामी सज्जादानशीन दरगाह हज़रत ख़्वाजा निज़ामुद्दीन औरंगाबादी रहमतुल्लाह अलैह औरंगाबाद से तशरीफ़ लाए। उनके साथ दरगाह हज़रत मौलाना ज़ियाउद्दीन साहिब चिश्ती जयपुर के सज्जादानशीन हज़रत पीर सय्यद ज़ियाउद्दीन साहिब ज़ियाई एवं फतेहपुर विधायक हाकम अली खान भी तशरीफ़ लाए। हुज़ूर नसीरे मिल्लत ने शहज़ादा-ए-हुज़ूर नसीरे मिल्लत को ख़िलाफ़त नामा अता कर दस्तारबंदी फ़रमाई उसके बाद मेहमान सज्जादगान ने भी आप की दस्तारबंदी की और तमाम मुरीदीन व हाज़िरीन ने भी शहज़ादा-ए-हुज़ूर नसीरे मिल्लत की गुलपोशी कर मुबारक बाद पेश की।

# बीकानेर हाउस मैनेजमेंट सोसाइटी की 10वीं वर्षगांठ पर भव्य आयोजन, संस्कृति और विरासत का अनूठा संगम

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। नई दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस को राजस्थानी कला, संस्कृति और विरासत का प्रमुख केंद्र बनाने वाली बीकानेर हाउस मैनेजमेंट सोसाइटी (बीएचएमएस) ने अपनी 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर "बीकानेर हाउस: टेन ईयर्स टुगेदर" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। इस मौके पर पिछले एक दशक की उपलब्धियों और सांस्कृतिक गतिविधियों की झलक प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम की शुरुआत इन-हाउस अभिलेखीय प्रदर्शनी 'थ्रू द ईयर्स: सेलिब्रेटिंग ए डिकेड ऑफ आर्ट, कल्चर एंड हेरिटेज' से हुई, जिसमें बीकानेर हाउस की ऐतिहासिक विरासत, वास्तुकला और सांस्कृतिक विकास को आकर्षक रूप से प्रदर्शित किया गया। इसके बाद 'बीकानेर हाउस: ए डिकेड ऑफ रेज़ोनेंस' पुस्तक का लोकार्पण किया गया और लोक प्रस्तुतियों के साथ सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ।



**10 साल में बना सांस्कृतिक पहचान का केंद्र**

राज्य सरकार द्वारा 10 वर्ष पूर्व गठित बीएचएमएस ने बीकानेर हाउस को एक शाही निवास से आधुनिक सांस्कृतिक केंद्र में बदलने का काम किया है। मुख्य सचिव एवं मुख्य रेजिडेंट कमिश्नर वी. श्रीनिवास की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यक्रम में समिति की उपलब्धियों को सराहा गया। बीते वर्षों में यहां आयोजित प्रदर्शनियों, कला आयोजनों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने इसे देश-विदेश में पहचान दिलाई है।

**कला, संस्कृति और युवाओं को मिला मंच**

वर्षगांठ समारोह के तहत छात्र चित्रकला प्रतियोगिता और 'सोल ऑफ राजस्थान' थीम पर फोटोग्राफी प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। इन आयोजनों ने युवा प्रतिभाओं को अपनी कला प्रस्तुत करने का अवसर दिया। गैलरी वंडरवॉल द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी में राजस्थान की संस्कृति और जीवनशैली को खूबसूरती से दर्शाया गया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1929 में प्रिंसेस पार्क में निर्मित बीकानेर हाउस कभी बीकानेर रियासत के शासकों का आवास हुआ करता था। समय के साथ यह स्थान एक जीवंत सांस्कृतिक केंद्र में परिवर्तित हो गया है। आज यह 'गेटवे ऑफ राजस्थान' के रूप में उभरकर देश-विदेश के लोगों को राजस्थानी संस्कृति से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है।

# ओम कसेरा ने जनगणना 2027 की तैयारियों के संबंध में ली समीक्षा बैठक

जयपुर । नगर निगम आयुक्त एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ओम कसेरा द्वारा जनगणना 2027 की तैयारियों के संबंध में मंगलवार को समीक्षा बैठक ली गयी। भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकानसूचीकरण का कार्य 16 मई 2026 से 14 जून 2026 तक सम्पादित किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें स्व-गणना के लिए विकल्प भी उपलब्ध होगा, जो कि 01 मई 2026 से 15 मई 2026 तक CMMS (Census Management and Monitoring System) पोर्टल पर मोबाईल नम्बर से पंजीकृत करके अपनी सूचना दर्ज कर सकते है। आमजन द्वारा दर्ज की गई सूचना को 16 मई 2026 से 14 जून 2026 के मध्य प्रगणक द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन किया जावेगा। आमजन द्वारा उपलब्ध करवाई गयी सूचना के आधार पर केन्द्र एवं राज्य सरकार योजना संबंधी नीतिगत निर्णय लिये जाते है। आयुक्त ओम कसेरा ने आमजन से अपील की है कि 01 मई 2026 से 15 मई 2026 तक अधिक से अधिक संख्या में स्व-गणना कर राष्ट्रहित के कार्य में सहयोग प्रदान करें।

## शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स-निफ्टी फिसले

नई दिल्ली (एजेंसी)। मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली, जहां BSE Sensex और Nifty 50 करीब 1% तक लुढ़क गए। पश्चिम एशिया तनाव और डोनाल्ड ट्रंप के बयान से निवेशकों में चिंता बढ़ी। संसेक्स 824 अंक तक टूटा, जबकि निफ्टी 22,719 के स्तर तक गिरा। सभी सेक्टर्स में बिकवाली रही। एफआईआई ने 8,167 करोड़ रुपये की बिकवाली की, जबकि डीआईआई ने बाजार को सहारा दिया।

## 10270 प्रतिशत का रिटर्न, अब 10 टुकड़ों में बंट जाएगा शेयर, रिकॉर्ड डेट तय



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयरों का बंटवारा होने जा रहा है। कंपनी के शेयरों को 10 हिस्सों में बांटा जाएगा। इस स्टॉक स्प्लिट के लिए कंपनी ने रिकॉर्ड डेट का ऐलान कर दिया है। बता दें, कंपनी के शेयरों का भाव 150 रुपये से कम का है। स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में कंपनी ने बताया है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर को 10 हिस्सों में बांटा जाएगा। इस स्टॉक स्प्लिट के बाद कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू 10 रुपये से घटकर 1 रुपये प्रति शेयर हो जाएगा। इस स्टॉक स्प्लिट के लिए कंपनी ने 24 अप्रैल 2024 की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है।

**शेयरों का प्रदर्शन कैसा है** – गुरुवार को कंपनी के शेयर बीएसई में 4 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ 120.30 रुपये के लेवल पर था। पिछले एक साल में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 53 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। कंपनी का 52 वीक हाई 324.35 रुपये और 52 वीक लो लेवल 82.56 रुपये है।

# 70 के स्तर वाले शेयर में हलचल की उम्मीद, बिजनेस अपडेट के बाद अब रहेगी नजर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बैंक के शेयर की बात करें तो यह गुरुवार को 2.76 प्रतिशत बढ़कर 69.52 रुपये पर रहा। शेयर बाजार शुक्रवार को गुड फ्राइडे के कारोबार बंद था। ऐसे में अब निवेशकों की नजर सोमवार के कारोबार पर रहेगी। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शेयर बाजार में जब ट्रेडिंग होगी तब आईडीबीआई बैंक के शेयर पर निवेशकों की नजर रहेगी। दरअसल,भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के नियंत्रण वाले आईडीबीआई बैंक ने अपने बिजनेस को लेकर एक बड़ा अपडेट दिया है। बैंक ने बताया कि उसका मार्च 2026 को समाप्त चौथी तिमाही में लोन 16 प्रतिशत वृद्धि के साथ 2.53 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा गया। एक साल पहले यह आंकड़ा 2.18 लाख करोड़ रुपये था। बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसकी कुल जमा राशि 12 प्रतिशत बढ़कर 3.46 लाख करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 3.1 लाख करोड़ रुपये थी। वहीं, बैंक का कुल कारोबार 14 प्रतिशत बढ़कर छह लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

बैंक के शेयर की बात करें तो यह गुरुवार को 2.76 प्रतिशत बढ़कर 69.52 रुपये पर रहा। शेयर बाजार शुक्रवार को गुड फ्राइडे के कारोबार बंद था। ऐसे में अब निवेशकों की नजर सोमवार के कारोबार पर रहेगी। बीते 30 मार्च को ही शेयर 61.05 रुपये पर रहा था। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। वहीं, शेयर के 52 हफ्ते का हाई 118.45 रुपये है। शेयर का यह भाव जनवरी 2026 में था।

**सरकार का प्लान** – बीते दिनों ये खबर आई कि सरकार आईडीबीआई बैंक में सार्वजनिक हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए बिक्री पेशकश (ओएफएस) के माध्यम से शेयर बेचने पर विचार कर सकती है। यह कदम उस कोशिश के बाद उठाया जा रहा है, जिसमें एलआईसी-नियंत्रित बैंक में हिस्सेदारी बेचने का प्रयास असफल रहा। वर्तमान में आईडीबीआई बैंक में सार्वजनिक हिस्सेदारी केवल 5.29 प्रतिशत है, जिससे बैंक का सही मूल्यांकन करना मुश्किल हो जाता है। बाकी के शेयर बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के पास हैं, जिसके पास 49.24 प्रतिशत हिस्सेदारी और बैंक पर नियंत्रण है। वहीं, भारत सरकार की हिस्सेदारी 45.48 प्रतिशत है। बता दें कि सरकार और एलआईसी द्वारा संयुक्त रूप से धारित 60.72 प्रतिशत बहुमत हिस्सेदारी की प्रस्तावित बिक्री को रद्द कर दिया गया था, क्योंकि कथित तौर पर दो संभावित खरीदारों की वित्तीय बोलियां आरक्षित मूल्य से कम थीं।

**कोटक और एयू स्मॉल फाइनेंस में भी लोन ग्रोथ** – इसी तरह, कोटक महिंद्रा बैंक ने भी लोन ग्रोथ में तेजी दिखाई। बैंक का लोन 16.2 प्रतिशत बढ़कर 4.95 लाख करोड़ रुपये हो गया जबकि जमा राशि 14.7 प्रतिशत बढ़कर 5.72 लाख करोड़ रुपये रही। वहीं, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने भी कर्ज में तेज बढ़ोतरी दर्ज की। बैंक का लोन 25.1 प्रतिशत बढ़कर 1.36 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि जमा 22.8 प्रतिशत बढ़कर 1.52 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई। हालांकि, इस बैंक का कम लागत वाला चालू और बचत खाता अनुपात घटकर 28.4 प्रतिशत रह गया, जो एक साल पहले 29.2 प्रतिशत था।

# 1 लाख रुपये की एसआईपी ने निवेशकों को बना दिया करोड़पति, मिला 1.54 करोड़ का रिटर्न

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मौजूदा समय में शेयर बाजार में भारी गिरावट देखने को मिली है। युद्ध की वजह से दुनिया भर के स्टॉक मार्केट में इस समय उथल-पुथल मची हुई है। इस उठा-पटक के दौर में भी एक्सपर्ट निवेशकों को जारी रखने की सलाह दे रहे हैं। 25 साल में इन्वेस्ट करने वाले निवेशक करोड़पति बन गए हैं। अगर कोई निवेशक लगातार 1 लाख रुपये का इन्वेस्ट पिछले 25 साल से कर रहा है तब की स्थिति में आज वह करोड़पति बन गया है। लॉन्ग टर्म में निवेशकों को मोटा रिटर्न दिया है।



अगर किसी निवेशक ने 2001 में सालाना 1,00,000 रुपये की एसआईपी शुरू की होगी। तो वह आज की स्थिति में मालामाल हो गया होगा। 2001 में सेंसेक्स 3262 अंक पर था। 2008 में स्टॉक मार्केट में भारी गिरावट के वक्त पर यह 29286 अंक पर था। मंदी की वजह से भले ही स्टॉक मार्केट लुढ़क गया हो लेकिन इसके बाद भी इसने तेजी से रिकवर किया। 2011 में एक बार फिर से सेंसेक्स के लिए बुरा साल रहा है। सेंसेक्स इस साल में 24.64 प्रतिशत लुढ़क गया। बाजार को एक बार फिर 2020 में झटका लगा। इस साल इंडेक्स में 16 प्रतिशत की गिरावट आई है। लेकिन फिर से स्टॉक मार्केट रफ्तार पकड़ी। जिसकी वजह से 2026 की शुरुआत में यह 86159 अंक तक पहुंच गया।

**25 साल में 2500 प्रतिशत का रिटर्न** – इस दौरान सेंसेक्स इंडेक्स में 2500 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। जिसकी वजह से निवेशकों की 1 लाख रुपये की स्ट्क्क का कुल रिटर्न 1.54 करोड़ रुपये हो गया है। पिछले 25 सालों में निवेशकों ने काफी उतार और चढ़ाव देखा है। लेकिन इसके बाद भी निवेशकों को मोटा रिटर्न मिला है।

## एचडीएफसी बैंक के कारोबार पर आया बड़ा अपडेट, शेयर पर सोमवार को रहेगी नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बैंक ने मार्च तिमाही के लिए अपने बिजनेस अपडेट में बताया कि बैलेंस शीट में मजबूत बढ़ोतरी जारी रही, भले ही जमा राशि में थोड़ी कमी आई हो। अब सोमवार को बैंक के शेयर पर निवेशकों की नजर रहेगी। बैंक के शेयर की बात करें तो 750 रुपये के स्तर पर है। मैनेजमेंट में उथल-पुथल के बीच प्राइवेट सेक्टर के एचडीएफसी बैंक ने अपनी चौथी तिमाही का बिजनेस अपडेट जारी कर दिया है। बैंक ने मार्च तिमाही के लिए अपने बिजनेस अपडेट में बताया कि बैलेंस शीट में मजबूत बढ़ोतरी जारी रही, भले ही जमा राशि में थोड़ी कमी आई हो। अब सोमवार को बैंक के शेयर पर निवेशकों की नजर रहेगी। शेयर को ब्रोकरेज ने भी अपनी राय दी है। आइए डिटेल जान लेते हैं।




**शेयर का परफॉर्मेंस** – एचडीएफसी बैंक के शेयर की बात करें तो 750 रुपये के स्तर पर है। यह बीते गुरुवार को 726.75 रुपये के निचले स्तर तक गया। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। इस शेयर के 52 हफ्ते का हाई 1,020.35 रुपये है। बैंक शेयर के तकनीकी नजरिए पर बात करते हुए हरिप्रसाद ने कहा कि हाल की कीमतों में उतार-चढ़ाव से पता चलता है कि शेयर 740 से 750 के आस-पास के अहम सपोर्ट लेवल पर स्थिर होने की कोशिश कर रहा है लेकिन इस रिकवरी का टिक पाना अभी भी अनिश्चित है। अगर यह स्तर टूटता है तो 680 तक गिरावट का जोखिम बना हुआ है। वहीं, ऊपर की ओर 800-820 के स्तर पर मजबूत रेजिस्टेंस देखने को मिल सकता है।

**बैंक का फाइनेंशियल अपडेट** – फाइनेंशियल अपडेट की बात करें तो मार्च 2026 तिमाही में बैंक के औसत एडवांस 29,644 बिलियन रहे, जो पिछले साल के 26,955 बिलियन से करीब 10 प्रतिशत अधिक हैं। पीरियड-एंड एडवांस 30,575 बिलियन तक पहुंच गए, जो सालाना आधार पर 10.2 प्रतिशत की वृद्धि को दिखाते हैं। ग्रॉस एडवांस में 12 पर्सेंट की तेजी आई और यह 29,600 बिलियन रहा। औसत डिपॉजिट में भी 12 पर्सेंट उछाल आया और 28,511 बिलियन रहा। डिपॉजिट भी बढ़कर 9,184 बिलियन हो गए, जो 10.8 प्रतिशत की ग्रोथ को दिखाते हैं।

# हरियाणा के संग्राम सिंह अर्जेंटीना की धरती पर एमएमए फाइट जीतने वाले पहले भारतीय बने

एमएमए आइकन और इंडियन फाइटर संग्राम सिंह ने अर्जेंटीना में इतिहास रचते हुए महज 1 मिनट 45 सेकंड में अपनी फाइट जीती। प्रोफेशनल रेसलिंग से मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) के मुकाबले में शानदार जीत के साथ वह अर्जेंटीना में एमएमए मुकाबला जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। संग्राम सिंह ने उम्र में 16 साल छोटे फ्रांस के फाइटर फ्लोरियन काउडियर को ब्यूनस आयर्स के स्टेडियम में धराशायी कर दिया। तिबलिसी (जॉर्जिया) और एम्स्टर्डम (नीदरलैंड) में जीत के बाद उन्होंने एमएमए में जीत की हैट-ट्रिक भी पूरी कर ली। इस फाइट में उन्हें कुश्ती के दांव पेंचों का काफी फायदा हुआ। उनकी जीत के लिए रोहतक, उदयपुर और वाराणसी में हवन यज्ञ किए गए थे। देश में लौटने पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। खेल मंत्रालय की फिट इंडिया मूवमेंट के ब्रैंड एम्बेसडर संग्राम सिंह ने कहा कि इस बार हालात उनके लिए काफी मुश्किल थे। कॉम्पीटिशन से दो दिन पहले उनका वजन निर्धारित सीमा से 600 ग्राम अधिक था। दिन भर उन्होंने अपने कोच के साथ कड़ी मेहनत की। खूब पसीना बहाया। दिन भर में आधा गिलास पानी पीया। संग्राम सिंह 83 किलो वजन में उतरे जहां दो किलो की छूट थी। संग्राम सिंह ने कहा कि वह मानसिक और शारीरिक रूप से बड़ा दबाव महसूस कर रहे थे। इस अवसर पर मौजूद भारतीय राजदूत और उनके बेटे ने भी इस जीत के बाद बेहद भावुक होकर उन्हें बधाई दी। उस समय पूरा स्टेडियम शोर से गूंज उठा था। स्टेडियम के एक कोने से भारत माता की जय के भी नारे लग रहे थे। संग्राम ने कहा कि मुझे भी इस बात का अंदाजा नहीं था कि पूरा स्टेडियम मेरी फाइट के दौरान मुझे ही क्यों चीयर-अप कर रहा है।

## पूरी की जीत की हैट-ट्रिक, 1 मिनट 45 सेकंड में मुकाबला जीता





### मैं या तो जीतता हूं या सीखता हूं : संग्राम सिंह

जीत के बाद रिंग पर दिए उनके एक बयान से पूरा एमएमए एरिना तालियों के शोर से गूंज उठा। दोहरे कॉमनवेल्थ हैवीवेट चैम्पियन संग्राम सिंह ने कहा कि मेरे लिए जीत-हार कोई मायने नहीं रखती। मैं या तो जीतता हूं या सीखता हूं। मैं अक्सर कहता हूं कि पैशन (किसी कार्य के प्रति जुनून)की कोई उम्र नहीं होती। मेरा अर्जेंटीना में फाइट जीतने पर पहले भारतीय बनने का सपना साकार हुआ। उन्होंने आयोजकों के साथ ही अपने कोच भूपेश का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पिछले 25 साल से उनके साथ हैं। वह भी मुझे कामयाबी दिलाने में दिन-रात जुटे रहे।

### काम आए कुश्ती के दांव पेंच

संग्राम ने कहा कि फ्लोरियन दिखने में तगड़े जरूर थे लेकिन उनके हाथ-पैर काफी तेजी से चल रहे थे। संग्राम ने कहा कि आखिरकार कुश्ती का उनका अनुभव काम आया। फ्लोरियन की किक को पकड़कर उन्होंने नीचे गिराया। यानी उन्हें कुश्ती के लेग अटैक का फायदा मिला। फिर नीचे आकर उन्होंने सांडी तोड़ने की कोशिश की और फिर उन्हें लम्बा करके चोक कर दिया। रेफरी के तीन बार पूछने पर आखिरकार फ्लोरियन ने अपनी हार मान ली। इस तरह संग्राम ने अपनी तीसरी फाइट को भी सहजता के साथ जीता। पाकिस्तानी फाइटर को उन्होंने 90 सेकंड में हराया था जबकि दूसरी फाइट को उन्होंने दूसरे राउंड में जीता था।

## खबर संक्षेप



### लय हासिल करने के लिए बेताब सैमसन : फ्लेमिंग

**बेंगलुरु।** चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने आईपीएल 2026 में संजू सैमसन के के अब तक के खराब प्रदर्शन को खास तवज्जों नहीं दी और कहा कि यह विकेटकीपर बल्लेबाज टीम के माहौल में ढलने की प्रक्रिया से गुजर रहा है तथा रन बनाने और टीम की सफलता में योगदान देने के लिए बेताब है। फ्लेमिंग ने कहा, ' जब आप किसी फ्रेंचाइजी (इस मामले में राजस्थान रॉयल्स) की तरफ से लंबे समय से खेल रहे हों तो फिर किसी नई टीम के माहौल में ढलने में समय लगता है। भले ही वह शायद काफी सहज महसूस करता हो, फिर भी अपनेपन की भावना बनी रहती है और वह इस टीम के माहौल में ढलने की प्रक्रिया से गुजर रहा है।' फ्लेमिंग ने कहा कि केरल का यह खिलाड़ी लय हासिल करने के लिए बेताब है।

### हैदराबाद में 16 जून से रग्बी प्रीमियर लीग

**नई दिल्ली।** रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) 16 से 28 जून तक हैदराबाद के गाचीबोवली स्टेडियम में खेली जाएगी। इस प्रतियोगिता का आयोजन जीएमआर स्पोर्ट्स और रग्बी इंडिया कर रहा है।



पिछले साल पहली बार रग्बी प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया था। पहले सत्र की तरह ही इस बार भी यह प्रतियोगिता रग्बी सेवन प्रारुप में आयोजित की जाएगी। इस बार भी इसमें पिछले साल की तरह छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेगी।
यह घोषणा जीएमआर स्पोर्ट्स के हाल ही में तेलंगाना सरकार के साथ एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर करने के बाद की गई है। रग्बी इंडिया के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा, ' जीवन में हम जो भी करते हैं, हमारा लक्ष्य हमेशा बेहतर करना, बेहतर बनना और बेहतर प्रदर्शन करना होता है। यही आरपीएल का मूलमंत्र रहेगा।'

### अंडमान में 9 अप्रैल से राष्ट्रीय सर्फिंग चैंपियनशिप



**श्रीविजयपुरम।** अंडमान के बटलर की खाड़ी में 9 से 12 अप्रैल तक राष्ट्रीय सर्फिंग चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी। बटलर की खाड़ी श्रीविजयपुरम से लगभग 130 किलोमीटर दूर दक्षिण में स्थित है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पहली बार इस प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। सूचना, प्रचार और पर्यटन कार्यालय के निदेशक ने कहा, 'भारतीय सर्फिंग महासंघ के सहयोग से आयोजित की जाने वाली यह प्रतियोगिता जापान में होने वाले एशियाई खेलों को देखते हुए काफी महत्वपूर्ण है।' उन्होंने कहा, ' इस चैंपियनशिप में देशभर के शीर्ष सर्फर भाग लेंगे। अंडमान में इस प्रतियोगिता का आयोजन करने का उद्देश्य इस द्वीपसमूह को सर्फिंग और समुद्री खेलों के उभरते केंद्र के रूप में बढ़ावा देना है।'



### अर्जेंटीना के रोमन एंड्रेस बुरुचागा को हराया

# पॉल ने दिखाया दम, यूएस मेन्स क्ले कोर्ट में जीता पहला खिताब

**एजेंसी ▶▶| ह्यूस्टन**

टॉमी पॉल ने अर्जेंटीना के रोमन एंड्रेस बुरुचागा पर 6–1, 3–6, 7–5 से जीत के साथ अपना पहला यूएस मेन्स क्ले कोर्ट चैंपियनशिप का खिताब जीता। यह उनका पांचवां एटीपी टूर खिताब है, वहीं क्ले पर पहला खिताब है।

28 साल के पॉल ने चैंपियनशिप में तीन मैच पॉइंट बचाए, तीसरे सेट में 3-5 से पीछे होने के बाद लगातार चार गेम जीतकर खिताब अपने जीता। पॉल ने अपनी दो घंटे, 40 मिनट की जीत के साथ ह्यूस्टन में लगातार पांचवां अमेरिकन चैंपियनशिप पक्का किया। पॉल के शुरुआती सेट में तेजी से आगे बढ़ने के बाद, बुरुचागा ने दूसरे सेट में ज्यादा मजबूती से जवाब दिया, पॉइंट्स बढ़ाए और वापसी पर अपनी लय पाकर मैच को निर्णायक बना दिया।



### तीसरा सेट में पॉल का असली टेस्ट

तीसरा सेट उनकी हिम्मत का असली टेस्ट था। 5-3 से पीछे चल रहे पॉल तीन मैच पॉइंट से पीछे थे, और हार से बस कुछ मिनट दूर थे। पहले दो सेट में बुरुचागा से दो गलतियां करवाने के बाद, पॉल ने टिके रहने के लिए टच वॉली विनर से नेट पर गोल किया। इसके बाद पॉल ने 6-5 से बढ़त बना ली, लेकिन बुरुचागा ने वापसी की और लगभग तीसरे सेट में टाईब्रेकर के लिए मजबूर कर दिया। अर्जेंटीना के खिलाड़ी ने 40-0 से सर्विस की, लेकिन पॉल ने पॉइंट-बाय-पॉइंट अपनी पकड़ बनाए रखी और अपने विरोधी को हराकर आखिरी सेट 7-5 से जीत लिया।

### सबसे उम्रदराज चैंपियन बने टॉमी

इस जीत के साथ, 28 साल के पॉल 2016 में 32 साल के जुआन मोनाको के बाद ह्यूस्टन के सबसे उम्रदराज चैंपियन बन गए। वहीं, इस जीत के साथ टॉमी पॉल फ्रांसिस टियाफो के साथ क्ले, ग्रास और हार्ड कोर्ट पर खिताब जीतने वाले दो सक्रिय अमेरिकी खिलाड़ियों में शामिल हो गए। वह अब 2026 मैच जीतने में अमेरिकन टूर लीडर हैं, जिनका इस साल का रिकॉर्ड 19-7 है। पॉल पिछले अक्टूबर के बाद पहली बार टॉप 20 में वापस आएंगे, और अगले हफ्ते की एटीपी रैंकिंग में उनके 18वें नंबर पर पहुंचने की उम्मीद है। इस बीच, बुरुचागा फरवरी में पहली बार टॉप 100 में पहुंचने और 77वें नंबर पर टूर्नामेंट में एंट्री करने के बाद अपने करियर के नए सबसे ऊंचे नंबर 62 पर पहुंच जाएंगे।

### बीजेकेसी में जगह बनाने की दौड़ में भारत

**नई दिल्ली।** भारत 2026 के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने के लक्ष्य के साथ मंगलवार से डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में होने वाले बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) टेनिस टूर्नामेंट के एशिया-ओशिनिया ग्रुप एक के मुकाबलों में परिचित परिस्थितियों और घरेलू समर्थन का भरपूर लाभ उठाने की कोशिश करेगा। भारत को हालांकि प्रतिभाशाली श्रीवल्ली भामिदिपति के हटने से झटका लगा है।

इंडोनेशिया, कोरिया, मंगोलिया, न्यूजीलैंड और थाईलैंड की मौजूदगी में भारतीय टीम को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। इस टूर्नामेंट में शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें ही आगे बढ़ेंगी, जबकि सबसे नीचे की दो टीमें 2027 के लिए ग्रुप दो में खिसक जाएंगी। भारत का बेंगलुरु में 2025 प्लेऑफ में निराशाजनक प्रदर्शन रहा था। वह तब तीन टीमों के ग्रुप जी में तीसरे स्थान पर रहा था। मेजबान टीम को स्लोवेनिया से 1-2 और नीदरलैंड से 0-3 की हार का सामना करना पड़ा, हालांकि नवोदित खिलाड़ी श्रीवल्ली और सहजा यमलापल्ली ने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया था।

### 3.4 ओवर का ही हो पाया खेल

# कोलकाता नाइट राइडर्स व पंजाब किंग्स का मैच चढ़ा बारिश की भेंट

**भाषा ▶▶| कोलकाता**



कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच सोमवार को यहां खेला गया इंडियन प्रीमियर लीग मैच बारिश के कारण 3.4 ओवर के खेल के बाद रद्द करना पड़ा जिससे दोनों टीम को एक-एक अंक मिला। मैच रद्द होने के साथ मौजूदा सत्र में नाइट राइडर्स के अंकों का खाता भी खुल गया। टीम को अपने शुरुआती दो मैच में हार का सामना करना पड़ा था जबकि तीसरे मैच में भी टीम दो विकेट पर 25 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी और अगर मैच शुरू होता तो यह पांच ओवर का ही हो पाता और टीम को सिर्फ आठ गेंद और खेलने को मिलती जिससे संभवतः उसकी स्थिति काफी कमजोर होती। दूसरी तरफ अपने शुरुआती दो मैच जीतने वाली पंजाब की टीम तीन मैच में पांच अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गई है। मैच को नाइट राइडर्स की पारी में 3.4 ओवर के खेल के बाद हल्की बूंदाबांदी के कारण रोका गया जो बाद में बारिश तेज होने के कारण दोबारा शुरू नहीं हो पाया।

### एमआई के सामने आज होगी आरआर की मुश्किल चुनौती

*गुवाहाटी (एजेंसी)। पिछले मैच में हार के बाद वापसी के लिए प्रतिबद्ध मुंबई इंडियंस को उम्मीद होगी कि कप्तान हार्दिक पंड्या पूरी तरह से फिट होकर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मंगलवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में खेलेंगे। हार्दिक अस्वस्थ होने के कारण दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे, जिसमें उनकी टीम को छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। हार्दिक की अनुपस्थिति में भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अगुवाई की थी लेकिन टीम को हार्दिक के ऑलराउंड खेल की कमी महसूस हुई। हार्दिक की अनुपस्थिति के कारण टीम संयोजन में भी फेरबदल करना पड़ा। उनकी जगह टीम में शामिल किए गए दीपक चाहर ने सधी हुई गेंदबाजी की, लेकिन अनुभवी तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट की जगह कॉर्बिन बॉश को लाने का फैसला उल्टा पड़ गया, क्योंकि दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज ने जमकर रन लुटाए। इसके बाद हार्दिक ने अभ्यास शुरू कर दिया है, जिससे कि उनकी वापसी की संभावना मजबूत बन गई है।*

### एशिया चैंपियनशिप

# लक्ष्य सेन और सिंधु पर दारोमदार सात्विक-चिराग ने लिया नाम वापस



**एजेंसी ▶▶| निंगबो**

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप से अपना नाम वापस ले लिया है और अब इस प्रतियोगिता में भारत का दारोमदार शानदार फॉर्म में चल रहे लक्ष्य सेन और अनुभवी पीवी सिंधु पर टिका रहेगा। सात्विक अभी कंधे की चोट से उबर रहे हैं, जिसके कारण इस स्टार भारतीय जोड़ी को टूर्नामेंट से नाम वापस लेना पड़ा। सात्विक और चिराग ने 2023 में इस प्रतियोगिता का खिताब जीता था।

### सात्विक को दर्द, नहीं खेल पाएंगे : कोच

भारतीय कोच टैन किम हेर ने बताया, 'सात्विक को अभी भी कुछ दर्द है, इसलिए वे इस सप्ताह नहीं खेल पाएंगे।' सात्विक के दाहिने कंधे में दर्द के कारण यह भारतीय जोड़ी स्विस ओपन में भी क्वार्टर फाइनल के मैच से भी हट गई थी। इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप में भारत की निगाहें अब एकल खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर टिकी रहेंगी, जिसका नेतृत्व लक्ष्य और सिंधु करेंगे। यह दोनों इस प्रतियोगिता में एकल में देश के खिताब के 61 साल से चले आ रहे इंतजार को खत्म करने की कोशिश करेंगे।

### सिंधु का पहला मुकाबला लिंग चिंग से

महिला एकल में सिंधु का पहला मुकाबला मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से होगा। उन्नति हुडा का सामना थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग से, तन्वी शर्मा का सामना मलेशिया की के लेटशाना से और मालविका बंसोड़ का सामना थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान से होगा। पुरुष एकल वर्ग में भारत के कुछ अन्य खिलाड़ी भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। कंधे की चोट से उबरकर वापसी कर रहे एचएस प्रणय का सामना क्वालीफायर से होगा, वहीं किदांबी श्रीकांत सिंगापुर के आठवें वरीयता प्राप्त लोह कीन यू से भिड़ेंगे। आयुष शेट्टी का सामना चीन के पांचवीं वरीयता प्राप्त ली शी फेंग से होगा। हरिहरन आमसकारुन्नन और एमआर अर्जुन का सामना दक्षिण कोरिया के किम वॉन हो और सियो सेउंग जे की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी से जबकि कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक का मुकाबला जापान के काकेरू कुमागाई और हिरोकी निशी से होगा।

### अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप

# स्वर्ण के लिए चुनौती पेश करेंगे ललित अमन और सुनील कांस्य की दौड़ में

**नई दिल्ली (भाषा)।** अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता ललित ने किर्गिस्तान के बिश्केक में चल रही एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में सोमवार को पुरुषों के 55 किग्रा ग्रीको रोमन वर्ग में चीन के हुओयिंग शी को हराकर स्वर्ण पदक के मुकाबले में जगह बनाई। तेइस वर्षीय ललित ने सेमीफाइनल में हुओयिंग शी को 11-3 से हराया। प्रतियोगिता के पहले दिन हालांकि भारतीय टीम के लिए नतीजे मिश्रित रहे जब अमन (77 किग्रा, ग्रीको रोमन) और पूर्व चैंपियन सुनील कुमार (87 किग्रा, ग्रीको रोमन) अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले हार गए। ये दोनों मंगलवार को कांस्य पदक के लिए मुकाबला करेंगे। ललित फाइनल में 2025 एशियाई चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता उज्बेकिस्तान के इख्तियार बोतिरोव से भिड़ेंगे। बोतिरोव ने दूसरे सेमीफाइनल में उलान उलू को 5-3 से हराया था। अमन को 77 किग्रा ग्रीको रोमन सेमीफाइनल में ईरान के अली ओस्कू ने 13-3 से हराया। क्वार्टर फाइनल में चीन के हलीशान बाहेजियांग के खिलाफ 1-4 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 6-4 से जीत दर्ज करने वाला यह भारतीय पहलवान अब कांस्य पदक के मुकाबले में दक्षिण कोरिया के येओनघुन नोह का सामना करेगा। वर्ष 2020 के एशियाई चैंपियन सुनील कुमार इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप में अपना चौथा पदक जीतने की कोशिश करेंगे लेकिन यह स्वर्ण पदक नहीं होगा। वह 87 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में ईरान के गुलामरेजा फारोखिसेनजानी के खिलाफ 0-8 से हार गए। दूसरी तरफ 65 किग्रा ग्रीको रोमन भार वर्ग में सनी कुमार क्वालीफिकेशन दौर में कजाखस्तान के सैफुल्ला कुरमान के खिलाफ हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

### एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप

# हरियाणा की प्रीति,प्रिया व राजस्थान की अरुंधति चौधरी फाइनल में पहुंची

### बेटियों का शानदार प्रदर्शन, 10 पदक पक्के

एशियन बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सोमवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। जिसमें प्रीति पवार, प्रिया और अरुंधति चौधरी सोमवार को उलानबटार में अपने-अपने फाइनल में पहुंच गईं। यह प्रतियोगिता मंगोलिया में आयोजित की जा रही है। प्रीति ने 54 किलोग्राम वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता कोरिया की ऐजी इम को 5-0 रौंदा। भारतीय मुक्केबाज ने तीनों राउंड में सटीक नियंत्रण और संयम दिखाते हुए फाइनल में जगह पक्की की। फाइनल में उनका मुकाबला कई बार की विश्व चैंपियन चीनी ताइपे की हुआंग शियाओ-वेन से होगा। 60 किलोग्राम वर्ग में, प्रिया ने मंगोलिया की नामुन मोनखोर पर 5-0 से शानदार जीत दर्ज करते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। अब उनका मुकाबला खिताबी मुकाबले में उत्तर कोरिया की उन ग्योंग वोन से होगा। अरुंधति चौधरी ने 70 किलोग्राम वर्ग में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए उज्बेकिस्तान की ओयशा तोइरोवा पर 4-1 से जीत हासिल की और फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली, जहां उनका मुकाबला कजाकिस्तान की बकित सेइडिश से होगा। अंकुशिता बोरो 65 किलोग्राम वर्ग में चीनी ताइपे की निएन-चिन चेन से 0-3 से हार गईं। बिजली गुल होने के कारण मुकाबले में बाधा आने के बाद अंकों के आधार पर फैसला किया गया। निकहत जरीन को 51 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में चीन की ओलंपिक चैंपियन वू यू के हाथों 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। लवलीना बोरगोहेन और पूजा रानी भी अपने-अपने वर्गों में हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।



प्रीति



प्रिया



अरुंधति

### वेस्ट हैम को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया

# 1987 के बाद एफए कप के सेमीफाइनल में लीड्स

**एजेंसी ▶▶| लंदन**

लीड्स ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में दो गोल की बढ़त गंवा दी लेकिन आखिर में वह वेस्ट हैम को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर 1987 के बाद पहली बार एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रहा।

माटेउस फर्नांडेस और एक्सल दिसासी ने 93वें और 96वें मिनट में गोल दागकर वेस्ट हैम को लंदन स्टेडियम में खेले गए मैच में 2-2 से बराबरी पर ला दिया। इससे मैच अतिरिक्त समय तक खिंच गया। क्वार्टर फाइनल के इस मैच में अतिरिक्त समय में वेस्ट हैम के दो गोल ऑफसाइड के कारण रद्द कर दिए गए, जिसके बाद लीड्स ने शूटआउट में जीत हासिल की। वेस्ट हैम के फिनले हेरिक ने जोएल पिरो की पेनल्टी बचाई, लेकिन लीड्स ने पास्कल स्ट्रुइक ने निर्णायक पेनल्टी पर गोल करके अपनी टीम को जीत दिलाई। इससे पहले निर्धारित समय में आओ तानाका और डोमिनिक कैल्वर्ट लेविन के गोल से लीड्स ने 2-0 की बढ़त हासिल की थी। लीड्स सेमीफाइनल में चेल्सी से भिड़ेगा। दूसरे सेमीफाइनल मैच में मैनचेस्टर सिटी और साउथेम्प्टन आमने-सामने होंगी। ये मैच 25 और 26 अप्रैल को वेम्बली में खेले जाएंगे।



### इंटर मिलान ने रोमा को 5-2 से हराया, मार्टिनेज ने दागे दो गोल

**मिलान।** लोटारो मार्टिनेज ने चोट से उबरकर वापसी करते हुए दो गोल दागे, जिससे इंटर मिलान ने रोमा को 5-2 से हराकर इटालियन फुटबॉल लीग सीरी ए में खिताब जीतने की अपनी उम्मीदों को मजबूत कर दिया। इंटर मिलान ने इस जीत से प्रतियोगिता में पिछले चार मैच में जीत हासिल नहीं करने का सिलसिला भी समाप्त कर दिया। सैन सिरो स्टेडियम में मार्टिनेज ने दूसरे और 52वें मिनट में गोल दागे। उनके अलावा हाकान चालहानोग्लू, मार्कस थुरम और निकोलो बरेला ने भी इंटर मिलान के लिए गोल किए। रोमा के लिए जियानलुका मैनसिनी और लोरेंजो पेलेग्रिनी ने गोल किए। इस जीत से इंटर मिलान के 31 मैच में 72 अंक हो गए हैं और उसने शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।



वह अब दूसरे नंबर पर काबिज एसी मिलान से नौ अंक और मौजूदा चैंपियन नेपोली से 10 अंक आगे है।

